फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 62, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 27 मार्च 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# एक्शन में योगी सरकार

### योगी सरकार-2 कैबिनेट का पहला निर्णय 15 करोड़ गरीब जनता को समर्पित, योगी कैबिनेट का निर्णय, तीन महीने के लिए बढ़ाई गई मुफ्त राशन वितरण योजना

- भ्रष्टाचार और अपराध के खिलाफ जारी रहेगी जीरो टॉलरेंस की नीति
- हर विभाग को 100 दिन, छह माह और वार्षिक कार्ययोजना बनाने के निर्देश
- मंत्रिमंडल के सामने प्रस्तुत होगी विभागवार कार्ययोजना, जल्द तय होगी तारीख



**लखनऊः** दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण करने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को जनता के प्रति जवाबदेह होने का निर्देश दिया है। शनिवार को शासन स्तर के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को अगले 100 दिन, छह माह और वार्षिक कार्ययोजना तैयार करने को कहा है। यह कार्ययोजना मंत्रिपरिषद के सामने प्रस्तुत करनी होगी, इसकी विभागवार समय-सारणी जल्द ही घोषित होगी।
योजना भवन में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को भारतीय जनता पार्टी द्वारा घोषित लोककल्याण संकल्प पत्र के बिंदुओं को याद करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा है कि वर्ष 2017 में घोषित संकल्प पत्र के सभी बिंदुओं को यथार्थ में बदलने में अधिकारियों ने पूरी ईमानदारी से प्रयास किया। इसका परिणाम रहा कि दशकों बाद जनता ने उत्तर प्रदेश में सकारात्मक बदलाव का अनुभव किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे समक्ष उत्तर प्रदेश को देश का नम्बर-1 राज्य और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को देश की नम्बर-1 अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य है। टीम वर्क और अन्तर्विभागीय समन्वय से भविष्य का रोडमैप तैयार किया जाए। इस कार्य के लिए "टीम यूपी" को पूरी प्रतिबद्धता के साथ लगना होगा। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को $1 ट्रिलियन बनाने के लिए 10 प्राथमिक सेक्टरों को चिह्नित किया जाए। इसकी नियमित समीक्षा की जाए। मुख्य सचिव द्वारा साप्ताहिक समीक्षा तथा स्वयं मुख्यमंत्री द्वारा इस सम्बंध में पाक्षिक समीक्षा की जाएगी। शासन की कार्यप्रणाली में दक्षता, पारदर्शिता और समयबद्धता पर जोर देते हुए योगी ने योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में तकनीक के साथ-साथ अन्तर्विभागीय समन्वय को और बढ़ाये जाने की आवश्यकता जताई। वहीं आम आदमी के प्रति संवेदनशील होने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सरकार "अंत्योदय" के लिए संकल्पित है। ऐसे में यह सुनिश्चित किया जाए कि गांव, गरीब, किसान, महिला और युवा शासन की हर नीति के केंद्र में हों।

**अतिरिक्त प्रयास जरूरी, अब है खुद से प्रतिस्पर्धाः** योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप नये भारत का नया उत्तर प्रदेश आकार ले रहा है। इस कार्य को और गति प्रदान करने के लिए पूरा उत्तर प्रदेश संकल्पित है। पहले कार्यकाल में हमारी चुनौती कुव्यवस्था से थी। विगत 05 वर्षों में सुशासन की स्थापना

## 'बजट की कर लें तैयारी, राजस्व संग्रह पर जोर'

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2021-2022 समापन की ओर है। सभी विभाग अपने-अपने वार्षिक लक्ष्यों की पूर्ति की स्थिति की गहन समीक्षा कर लें। बजट के सदुपयोग का मूल्यांकन करते हुए वित्तीय स्वीकृतियों के सापेक्ष उनके व्यय की स्थिति की पड़ताल कर लें। प्रत्येक स्थिति में वित्तीय नियमों के अनुरूप कार्यवाही की जाए।

यदि भारत सरकार के स्तर से किसी योजना का केन्द्रांश जारी नहीं हो सका है तो अविलम्ब केंद्र से संपर्क कर उसे जारी कराएं। राजस्व संग्रह पर पूरा ध्यान दिया जाए। विकास एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं के वित्त पोषण के लिए ऐसा किया जाना आवश्यक है। टैक्स का भुगतान करने वालों के लिए प्रक्रिया को सरल बनाया जाए।

## उप्र: 15 करोड़ गरीबों को मिलता रहेगा मुफ्त राशन




**लखनऊः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने 15 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन देने की योजना को जारी रखने की घोषणा की है। शनिवार को लोकभवन में योगी सरकार-2 कैबिनेट की पहली बैठक में इस बाबत औपचारिक निर्णय लिया गया। इसकी जानकारी खुद मुख्यमंत्री ने प्रेसवार्ता कर दी। लोकभवन के मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में नवगठित सरकार का पहला निर्णय 15 करोड़ गरीब जनता-जनार्दन को समर्पित है। कोरोना काल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर नागरिक को संबल प्रदान करने के उद्देश्य से अन्न योजना प्रारम्भ की थी। अप्रैल 2020 से आज मार्च 2022 तक देश की 80 करोड़ जनता को इसका सीधा लाभ मिल रहा है। वहीं राज्य सरकार ने केंद्र सरकार के अतिरिक्त मुफ्त राशन वितरण की योजना संचालित की है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मुफ्त टेस्ट, ट्रीटमेंट और टीका के प्रयास से कोरोना पर काबू पाया गया। तो महामारी से उपजने वाली भुखमरी की समस्या के निदान में मुफ्त राशन की योजना बहुत उपयोगी रही है। अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारक 15 करोड़ प्रदेशवासी डबल इंजन की सरकार में मुफ्त राशन की डबल डोज प्राप्त कर रहे हैं। इस योजना की अवधि मार्च 2022 में समाप्त हो रही थी, जिस पर विचार करते हुए नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में इसे अगले तीन माह तक बढ़ाये जाने का फैसला किया गया है।

## न्यूज फ्लैश

### इग्नू ने यूजी, पीजी कार्यक्रमों के लिए प्रवेश की समय सीमा फिर से बढ़ाई

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने ऑनलाइन और ओडीएल मोड दोनों के लिए पीजी और यूजी कार्यक्रमों में नए दाखिले और पुनः प्रवेश की अंतिम तिथि को 31 मार्च तक बढ़ा दिया है। विश्वविद्यालय की ओर से शनिवार को जारी एक आधिकारिक नोटिस के अनुसार, ऑनलाइन और ओडीएल मोड दोनों के लिए पीजी और यूजी कार्यक्रम के लिए नए प्रवेश की अंतिम तिथि (प्रमाण पत्र, सेमेस्टर आधारित और योग्यता आधारित कार्यक्रम को छोड़कर) और जनवरी 2022 सत्र के लिए पुनः पंजीकरण को 31 मार्च 2022 तक बढ़ा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि जनवरी 2022 सत्र के लिए पंजीकरण और पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि 5 मार्च थी। विश्वविद्यालय ने कोरोना के मद्देनजर उपजे हालात को ध्यान में रखते हुए अंतिम तिथि को बढ़ाकर 25 मार्च कर दिया था। इसे अब एक बार फिर से बढ़ाकर 31 मार्च किया गया है।

### दिल्ली हिंसा: शरजील इमाम के खिलाफ 28 मार्च से रोजाना होगी सुनवाई

**नई दिल्लीः** दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट ने दिल्ली हिंसा मामले के आरोपित शरजील इमाम के खिलाफ नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ दिए गए भाषणों के मामले में 28 मार्च से रोजाना सुनवाई करने का आदेश दिया है। एडिशनल सेशंस जज अमिताभ रावत ने 28 मार्च से अभियोजन पक्ष के साक्ष्यों को दर्ज करने का आदेश दिया। पहले की सुनवाई के दौरान ही कोर्ट ने इस मामले की रोजाना सुनवाई का संकेत दिया था। 4 फरवरी को दिल्ली पुलिस ने शरजील के खिलाफ दूसरी पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। 24 जनवरी को कोर्ट ने शरजील की एक मामले में जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने 24 जनवरी को ही शरजील इमाम के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था।

## कोरोनाः प्रमाणपत्रों पर फिर पीएम मोदी की फोटो लगाने के लिए तैयार सरकार

**नई दिल्लीः** कोरोना टीकाकरण प्रमाणपत्रों पर फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीरें दिखाई देंगी। इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से फिर से तैयारी शुरू कर दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने पांच राज्यों उत्तर प्रदेश, गोवा, पंजाब, मणिपुर और उत्तराखंड में कोविड-19 टीकाकरण प्रमाणपत्रों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर छापने के निर्देश दिए हैं। दरअसल, इन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री की तस्वीर का प्रकाशन रोक दिया गया था। आठ जनवरी से पीएम की फोटो कोरोना टीकाकरण प्रमाणपत्रों पर नहीं छप रही थी। सूत्रों के मुताबिक, इन पांचो राज्यों के को-विन प्लेटफॉर्म में भी आवश्यक बदलाव किया जाएंगे।



**24 घंटे में दर्ज हुईं 4100 से ज्यादा मौतेंः** देश में कोरोना के मामले और सक्रिय केस लगातार घट रहे हैं, लेकिन बीते 24 घंटे में ऐसा कुछ हुआ कि मौतों का आंकड़ा 4100 के पार पहुंच गया। इसके साथ ही कुल मौतों का आंकड़ा 5,20,855 पर पहुंच गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार शनिवार सुबह समाप्त बीते 24 घंटे में 1660 नए कोरोना केस मिले हैं। इसके साथ ही देश में कुल संक्रमितों का आंकड़ा 4,30,18,032 पर पहुंच गया।

## गुजरात भाजपा का गढ़ है और रहेगा: अमित शाह

**अहमदाबादः** केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि गुजरात भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का गढ़ था, गढ़ है और रहेगा। अमित शाह ने कहा कि भाजपा हारती नहीं, उसका कारण उसके कार्यकर्ता हैं। अहमदाबाद जिले के धोलका कस्बे में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में अमित शाह ने यह बात कही। अहमदाबाद व गांधीनगर में अनेक विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास समारोह में अमित शाह शामिल हुए। उन्होंने धोलका कस्बे में कहा कि धोलका को गुजरात की सबसे विकसित विधानसभाओं में से एक बनाना उनका लक्ष्य है। साथ ही, केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि धोलका में कमल खिलाने की भी उनकी जिम्मेदारी है। अमित शाह ने कहा कि गुजरात में कांग्रेस सत्ता में आने के फिर से सपने देख रही है, लेकिन गुजरात भाजपा का गढ़ है। गुजरात भाजपा का गढ़ है और रहेगा।



### आप को पंजाब में मिले जनसमर्थन ने हरियाणा के नेताओं की नींद उड़ाई :गुप्ता

**हिसारः** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा है कि पंजाब में जनता द्वारा दिए गए अभूतपूर्व समर्थन के बाद उसके पड़ोसी राज्य हरियाणा के नेताओं की नींद उड़ी हुई है। उन्हें अब हरियाणा में भी अपनी कुर्सी खतरे में दिख रही है। ऐसे नेताओं को कई बार आजमा चुकी हरियाणा की जनता भी इस बार बदलाव के मूड में है। डा. सुशील गुप्ता शनिवार को यहां के अग्रसेन भवन में आम आदमी पार्टी हरियाणा पश्चिम के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

## देश में 50 हजार से ज्यादा गांव खुले ओडीएफ प्लस घोषित

**नई दिल्लीः** स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के दूसरे चरण में अब तक 50 हजार से ज्यादा गांव खुले में शौच मुक्त ( ओडीएफ प्लस) किए जा चुके हैं। शनिवार तक मिशन के तहत 50,000 गांव को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ-प्लस) घोषित किए जा चुके हैं। उल्लेखनीय है कि एसबीएम-ग्रामीण, द्वितीय चरण फरवरी 2020 में शुरू किया गया था । मिशन का लक्ष्य दिसंबर 2024 तक देश के सभी गांवों को ओडीएफ प्लस बनाना है। तेलंगाना में सबसे ज्यादा ओडीएफ गांव देश में तेलंगाना में सबसे अधिक 13,960 ओडीएफ प्लस गांव हैं, उसके बाद 11,477 के साथ तमिलनाडु दूसरे नंबर पर और 3,849 गांव के साथ मध्य प्रदेश तीसरे नंबर पर है। ओडिशा में 2,991 गांव ओडिएफ हैं । वहीं, उत्तर प्रदेश में 2,605, उत्तराखंड में 2,603, हिमाचल में 2,573 गांव, कर्नाटक में 2,021 गांव और छत्तीसगढ़ में 1,936 गांव खुले में शौच मुक्त हैं। लगभग आठ साल पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की, जिसका उद्देश्य महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती पर उनको श्रद्धांजलि के रूप में देश को खुले में शौच मुक्त बनाना था।

## दिल्ली: पेश हुआ 75 हजार करोड़ रुपये का 'रोजगार बजट'

**नई दिल्लीः** दिल्ली के वित्त मंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को विधानसभा में वर्ष 2022-23 के लिए 75 हजार 800 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। जो मौजूदा वित्त वर्ष के बजट के सापेक्ष 9.86 फीसदी अधिक है। सिसोदिया ने इसे रोजगार बजट का नाम देते हुए कहा कि बजट को इस तरह से तैयार किया गया, जिससे पांच साल में 20 लाख नौकरियां राजधानीवासियों को मिल सकेंगी।
वित्त मंत्री सिसोदिया ने कहा कि ये हमारे द्वारा पेश किया जा रहा आठवां बजट है। इससे पूर्व पेश किए गए सात बजट से दिल्ली के स्कूल अच्छे हुए, लोगों को 24 घंटे बिजली मिल रही है, मेट्रो का विस्तार हुआ है।अब लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ते हैं। सिसोदिया ने कहा कि पिछले सात वर्षों में आम आदमी पार्टी सरकार ने एक लाख 78 हजार युवाओं को पक्की सरकारी नौकरी दी है। उससे पहले की सरकार ने जीरो नौकरियां दी थी। इस साल का बजट रोजगार बजट है। उन्होंने कहा कि साल 2022-23 के लिए दिल्ली का बजट 75 हजार 800 करोड़ का है। ये 2014-15 के 30,940 करोड़ रुपये के बजट का ढाई गुना है। इस बजट में 6154 करोड़ रुपये स्थानीय निकायों के लिए दिए गए हैं।



सिसोदिया ने बजट में दिल्ली के रिटेल मार्केट को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली शॉपिंग फेस्टिवल शुरू करने की घोषणा की। देश विदेश के ग्राहकों को दिल्ली में बुलाकर शॉपिंग के लिए प्रोत्साहित करने हेतु दिल्ली में शॉपिंग फेस्टिवल आयोजित किए जाएंगे।

## रूसी हमले का एक माह पूरा, यूक्रेन का हर दूसरा बच्चा विस्थापित

**कीवः** यूक्रेन पर रूस के हमले का एक महीना पूरा हो गया है। इस युद्ध का सर्वाधिक खामियाजा यूक्रेन के बच्चों को भुगतना पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) के आंकड़ों के मुताबिक युद्ध की चपेट में आकर यूक्रेन का हर दूसरा बच्चा विस्थापित हो गया है। हर चौथे बच्चे को देश छोड़कर जाना पड़ा है। यूनिसेफ की रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन में एक महीने से जारी युद्ध के कारण 43 लाख बच्चे विस्थापन का शिकार हुए हैं। देश में बच्चों की कुल आबादी 75 लाख है, जिसमें से आधे से अधिक बच्चे विस्थापन को मजबूर किये गए हैं। इस तरह यूक्रेन का हर दूसरा बच्चा विस्थापित हो गया है। इनमें से 18 लाख बच्चों ने शरणार्थियों के तौर पर यूक्रेन के पड़ोसी देशों में शरण ली है। इस तरह हर चौथा बच्चा देश छोड़ कर जाने को विवश हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल 25 लाख बच्चे घरेलू विस्थापित हैं, यानी हर तीसरा बच्चा देश के भीतर ही विस्थापन का दंश झेलने को विवश है। यूनिसेफ की कार्यकारी निदेशक कैथरीन रसेल ने कहा कि इस युद्ध की वजह से दूसरे विश्व युद्ध के बाद से अब तक बच्चों के लिए सर्वाधिक विस्थापन का संकट सामने आया है।

## 'राजोआना की फांसी की सजा को उम्रकैद में बदलने पर फैसला करे केंद्र'

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वह पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के दोषी बलवंत सिंह राजोआना की फांसी को उम्रकैद में बदलने की मांग पर 30 अप्रैल तक फैसला करे। मामले की अगली सुनवाई 2 मई को होगी। जस्टिस यूयू ललित की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि अगर 30 अप्रैल तक इस पर कोई फैसला नहीं किया जाता है तो गृह मंत्रालय के संबंधित सचिव और सीबीआई के अभियोजन विभाग के निदेशक सुनवाई की अगली तिथि को कोर्ट में उपस्थित होंगे। पहले की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कहा था राजोआना की फांसी को उम्रकैद में बदलने की मांग पर राष्ट्रपति को फैसला लेना है। 25 जनवरी, 2021 को सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कहा था कि इस मामले का दूरगामी असर हो सकता है। केंद्र सरकार ने इस पर विचार करने के लिए और समय देने की मांग की थी।



राजोआना करीब 26 सालों से जेल में है। 4 दिसंबर, 2020 को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा था कि वो राजोआना की सजा माफी का प्रस्ताव राष्ट्रपति के पास कब भेजेगी।

चीफ जस्टिस ने कहा था कि केंद्र की यह दलील समझ से परे है कि दूसरे दोषियों की अपील लंबित होने की वजह से राजोआना की सजा माफी के प्रस्ताव को भेजने में विलंब हो रहा है। उन्होंने कहा था कि दूसरे दोषियों द्वारा लंबित याचिका का गृह मंत्रालय के फैसले पर कोई असर नहीं होगा। 2019 में गृह मंत्रालय ने गुरु नानक देव के 550वें प्रकाशोत्सव पर कुछ दोषियों को रिहा करने का फैसला किया था।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत में अभी और बढ़ोतरी की आशंका

**नई दिल्लीः** देश में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमत बढ़ने का सिलसिला एक बार फिर चालू हो गया है। 2022 के मार्च महीने में 22 मार्च से लेकर अभी तक पेट्रोल और डीजल की कीमत में 80 पैसे की चार किस्तों में कुल 3.20 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की जा चुकी है। 24 मार्च को छोड़कर शेष चारों दिन सरकारी ऑयल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमत में एक समान बढ़ोतरी की है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में सरकारी ऑयल कंपनियों को अपने संचित घाटे को पूरा करने के लिए पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कम से कम 14 से 24 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी करनी पड़ सकती है। हालांकि ये बढ़ोतरी एक झटके में करने की जगह छोटी-छोटी किस्तों में की जाएंगी। जानकारों का कहना है कि पहले कोरोना वायरस के संक्रमण की वजह से बनी वैश्विक परिस्थितियों के कारण और अब रूस और यूक्रेन के बीच के तनाव ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत पर काफी असर डाला है। कोरोना संक्रमण की वजह से 2019 में काफी नुकसान का सामना करने के बाद तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक और उसके सहयोगी देशों ओपेक प्लस ने कच्चे तेल के उत्पादन में काफी कटौती कर दी थी। इसके कारण पिछले एक साल से कच्चे तेल की कीमत में लगातार तेजी का रुख बना हुआ है। कच्चे तेल की कीमत में लगातार हो रही बढ़ोतरी के कारण 1 दिसंबर 2021 को ब्रेंट क्रूड की कीमत 68.87 डॉलर प्रति बैरल हो गई थी।

## खबर संक्षेप

### देशी शराब की दुकाने हटाये जाने को लेकर किया शिकायत

**करछना।** थाना क्षेत्र के साधूकुटी स्थित घनी बस्ती के बीच देशी शराब और अंग्रेजी ठेके पर देररात और दिन में शराबियों द्वारा शराब पीकर लोगों को परेशान करना एवम् अभद्रता करते रहना जिससे परेशान होकर स्थानीय लोगों ने शिकायत एसडीएम करछना अमृता सिंह से करते हुए हटाये जाने की मांग की है। शराब की दुकानों को घनी बस्ती और बाजार के बीच से निकाल कर दूसरी जगह पर की जाय जिससे दुकान के आसपास रहने वाले परिवारों को समस्या से छुटकारा मिल पाए। साथ ही आए दिन शराबियो के द्वारा देररात तक शराब पीकर हंगामा आदि आम बात हो गई है। आसपास के चौराहों पर भी देररात तक शराबी शराब पीकर हंगामा करते है मना करने पर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारपीट पर अमादा हो जाते हैं जिससे लोगो का राह चलना भी मुस्किल हो जाता है। शिकायतकर्ताओ मे सोहनलाल, जमसेद अली, मुराद अली अशोक सोनी, राजू सोनी, सुघनलाल रोशनलाल साहू सहित कई लोगो ने देशी शराब हटाये जाने की माग की है।

# जिलाधिकारी ने मेजा खास पहाड़ी गोवंश आश्रय स्थल का किया निरीक्षण

**साफ-सफाई ठीक न मिलने पर सचिव के खिलाफ कार्यवाही के जिलाधिकारी ने दिए निर्देश, गोवंश आश्रय में पशुओं के लिए पर्याप्त चारा, चोकर उपलब्ध रहें-जिलाधिकारी**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने शनिवार को मेजा खास पहाड़ी पर गोवंश आश्रय स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां पर पशुओं की जानकारी ली तथा उन्होंने सचिव को निर्देशित किया कि पशुओं को खाने के लिए हरी घास, भूसा, चोकर की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने वहां पर बीमार पशुओं की जानकारी ली तथा उन्होंने मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि पशुओं के इलाज में कोई कोताही न बरती जाये तथा गोवंश आश्रय स्थलों पर साफ-सफाई ठीक न होने के कारण कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सचिव पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये है तथा गोशाला के लिए और जमीन चिन्हित करने तथा उसमें और शेड बढ़ाये जाने के लिए उपजिलाधिकारी मेजा को निर्देशित किया है। उन्होंने पशुओं के लिए रखे गये भूसा और चोकर भण्डारण का भी निरीक्षण किया तथा निर्देशित किया कि पर्याप्त मात्रा में भूसा और चोकर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित रहे। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया है कि रोस्टर वाइज प्रत्येक गोवंश आश्रय स्थलों का निरीक्षण कराया जायेगा। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी श्री विनोद पाण्डेय, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी श्री आर0पी0 राय सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसके पूर्व जिलाधिकारी ने प्रो0 राजेन्द्र सिंह रज्जू भईया राज्य विश्वविद्यालय, नैनी में हो रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया तथा मौके पर उपस्थित सम्बंधित कार्यदायी संस्था रा0नि0नि0, कौशाम्बी, यूनिट-1 के प्रोजेक्ट मैनेजर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने आईटीआई नैनी में हो रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया तथा मौके पर उपस्थित संबंधित कार्यदायी संस्था यूपीआरएनएसएस के सहायक अभियंता को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।



निरीक्षण करते जिलाधिकारी

## न्यूज झरोखा

### लेडियारी मुख्य मार्ग में गड्ढे के चलते चोटहील हो रहें हैं राहगीर



**लेडियारी।** क्षेत्र के लेडियारी बाजार के मंडी तिराहे के पास मुख्य मार्ग में गड्ढे के चलते आयेदीन लोग गिर कर चोटहिल हो रहें हैं। सड़क के जेम्मेदार लोग इसी रोड़ से आते-जाते रहते हैं लेकिन पी डब्लू के कर्मचारियों को रोड़ में गड़े को भराई कर लेपन नहीं किया जा रहा है स्थानीय लोगों ने इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए राहगीरों को चोटहिल होने से बचाने हेतु रोड़ की मरम्मत कार्य कराने की मांग की गई है।

### विश्व हिन्दू परिषद यमुनापार कार्यसमिति की हुई बैठक



**करछना।** विश्व हिंदू परिषद जिला यमुनापार की जिला कार्यसमिति की बैठक साधुकूटी के समीप सम्पन्न हुई। बैठक में विभाग संगठन मंत्री अमित पाठक से पाथेय प्राप्त हुआ। आगामी नवरात्रि पर घर घर ऊं अंकित भगवाध्वज लगाने का संकल्प लिया गया। साथ ही साथ राम नवमी के उपलक्ष्य पर प्रत्येक प्रखंड में 20 गांवों मे श्रीराम महोत्सव के कार्यक्रम एवं प्रत्येक प्रखण्ड में एक बड़ा कार्यक्रम होगा।बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चन्द्र निधान पाण्डेय ने की।उन्होने ने सर्व सम्मति से प्रमोद कुमार चतुर्वेदी को प्रखंड अध्यक्ष शंकरगढ़, रामभूषण शुक्ल को जिला बलोपासना प्रमुख बजरंग दल एवं धर्मेंद्र दुबे को जिला समरसता प्रमुख की घोषणा की।बैठक में प्रान्त सुरक्षा प्रमुख विपिन गुप्त जिला उपाध्यक्ष मनोज सिंह जिला सहमंत्री रवी तिवारी जिला गोरक्षा प्रमुख विजय शंकर पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

### गर्मी के साथ अघोषित विद्युत कटौती बनी मुसीबत

**प्रतापपुर।** विधानसभा चुनाव तक जहां सारी जन सुविधाएं चुस्त-दुरुस्त रही वहीं चुनाव बीतते ही विद्युत कटौती शुरू हो गई शाम 6:00 बजे से 2 घंटे रात 1 बजे 2 घंटे की अघोषित कटौती से लोग मार्च की ही गर्मी से तौबा बोल दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कटौती ही करना है तो दिन में अंधड़ के कारण ना चल पाने वाली आपूर्ति रोकी जाए ना कि रात में लोग सुकून से नींद लेते हैं तब कटौती की जाती है ग्रामीण क्षेत्रों के उप केंद्र खंसार बरेस्ता प्रतापपुर घोसडा आदि की पूर्ति दिन में अंधड़ के समय बंद की जाए। जिससे तार वगैरह टूटना, डालो से वायर सुनिश्चित रहता निश्चित रहता है। परंतु रात वाली आपूर्ति बाधित ना हो।

### साइड स्लो होने के चलते किसान परेशान

**करछना।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के लाभार्थियो के लिए आधार सत्यापन का कार्य कराने के लिए किसान ग्राहक सेवा केन्द्रो और साइबर केन्द्रो मे जाते है लेकिन साइड स्लो होने के कारण सत्यापन नही हो पा रहा है जिससे उन्हे बार बार परेशान होना पड रहा है।भडेवरा के राकेश कुमार ने बताया कि कई दिनो से ग्राहक सेवा केद्र का चक्कर लगा रहे है लेकिन वहा जाने पर पता चलता है कि साइड स्लो होने के कारण आज नही हो पाएगा।इसी प्रकार कई किसानो ने बताया कि आधार सत्यापन के लिए उन्हे हलाकान होना पड रहा है।

# आजादी के बाद पहली बार खीरी में हुआ बोर्ड परीक्षा

**आजादी के बाद 1942 से ही खीरी में संस्कृत भाषा का स्कूल संचालित**

अखंड भारत संदेश

**लेडियारी।** आजादी के बाद पहली बार खीरी में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित शिक्षा बोर्ड द्वारा संस्कृत भाषा को प्राथमिकता देते हुए श्री हनुमत संस्कृति उच्च माध्यमिक विद्यालय को परीक्षा का सेंटर बनाया गया।जिससे अभिवावको समेत परीक्षार्थियों में खुशी का लहर है।उक्त की जानकारी देते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य ने बताया कि पहली बार में ही पांच स्कूल का सेंटर मिला है। जिसमे करपिया, चांदी, सिकरो, कोलसरा, खिवली के संस्कृत भाषा का स्कूल सामिल है।उक्त पांच स्कूलों से कुल 230 परीक्षार्थी शामिल है। जिसमे पहली पाली में 120परीक्षार्थी है। जिसमे 40 अनुपस्थित है। दुसरी पाली में 110 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। बताते चलें कि इस सेंटर में अभी कुल तीन कक्ष ही है।अधिक परीक्षार्थी होने के कारण कुछ परीक्षार्थी जमीन पर ही बैठाए गए हैं।एक अध्यापक ने बताया कि संस्कृति स्कूल में गुरुओं के सामने जमीन पर ही बैठ कर शिक्षा ग्रहण करने का परंपरा चली आ रही है।बताते चलें कि इस सेंटर पर अष्टम, नवम,दशम एकादश, द्वादश परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं।



परीक्षा देते परीक्षार्थी

### साइकिल सवार दूधिये का अज्ञात वाहन से टक्कर, मौत

**सहसों।** सरायइनायत थाना अंतर्गत सहसों पुलिस चौकी क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर जगबंधन पुर गांव के सामने शुक्रवार की रात चंदौहा गांव निवासी दूधिया को सहसों जाते समय किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही मौत हो गई । भोर में किसी राहगीर की सूचना पर पहुंचे सहसों चौकी प्रभारी ने शव की शिनाख्त करवाई तथा पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरायइनायत थाना क्षेत्र के चंदौहां गांव निवासी दूध का व्यवसाय करने वाले भोलानाथ 38 वर्ष पुत्र शिव मूरत किसी काम से शुक्रवार देर रात घर से निकल कर साइकिल से सहसों जा रहे थे। रात में घर वापस नहीं पहुंचे जिससे परिजन बहुत परेशान रहे। शनिवार की भोर में किसी राहगीर की सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी सहसों दयाराम ने शव की पहचान कराते हुए परिजनों को सूचना दी। शनिवार की सुबह शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भोलानाथ दूध का व्यवसाय कर परिवार का भरण पोषण करते थे। उनके दो पुत्र और दो पुत्रियां, पत्नी तथा पिता का रो रो कर बुरा हाल है।

# गैर इरादतन हत्या का आरोपी हुआ गिरफ्तार भेजा गया जेल

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** प्राप्त जानकारी के अनुसार होली के दिन वीरेंद्र कनौजिया उर्फ बिल्लू पुत्र स्वर्गीय मिश्रीलाल एवं हजारी लाल कनौजिया पुत्र स्वर्गीय संत लाल कनौजिया निवासीगण गड़रा रेरा थाना घूरपुर रात में होली जलने से पहले हुड़दंग करने लगे। पकड़ी पकड़ा के आपाधापी में हजारी लाल कनौजिया उम्र 32 वर्ष धक्का लगने से गिर गया। दुर्भाग्य से उसका गर्दन पत्थर पर पड़ गया और वह गंभीर रूप से चोटिल हो गया। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने गर्दन की हड्डी टूटने की बात बताई। उपचार के दौरान पांचवें दिन हजारी लाल कनौजिया की मौत हो गई। वीरेंद्र कनौजिया उर्फ बिल्लू निवासी गणरा रेरा थाना घूरपुर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या धारा 304 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। जिसे शनिवार को घूरपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा।

**कभी सोचा भी नहीं था कि खेल खेल में जेल जाना पड़ेगा**

### दो पक्षों में मार पीट कई घायल क्रास मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मामूली बात को लेकर दो पक्षों में मार पीट के दौरान कई को चोटें आयी है। पुलिस दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम गढचम्पा निवासी आबाद अली पुत्र मोहम्मद इसहाक से पडोसियों से मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। जिसपर उसे और परिजनों को मारा पीटा गया। आबाद अली ने मऊआइमा थाने में रईस उद्दीन ,तबरेज, आफताब, अलाउद्दीन ,मोहम्मद आफाक एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।उधर दूसरे पक्ष के रईस उद्दीन पुत्र मोईन उद्दीन का आरोप है कि उसे और उसके परिजनों को मारा पीटा गया। रईस उद्दीन ने शहजाद, सलमान, शाहजहां, ताहिरा बानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## रेलवे लाइन के निकट संदिग्ध दशा में लहूलुहान मिला युवक, मौत

**मऊआइमा क्षेत्र के ग्राम कखरी उर्फ गंगा का पूरा का निवासी है मृतक युवक, हत्या का आरोप, मुकदमा हुआ दर्ज**

**मऊआइमा।** मऊआइमा के ग्राम कखरी मातपुर उर्फ गंगा का पूरा निवासी जीतेंद्र कुमार सरोज 18 वर्ष पुत्र अमरजीत सरोज शुक्रवार को रात घूमने निकला एक घंटे बाद लहूलुहान हालात में सरपताही नहर पुल के सामने रेलवे ट्रैक के निकट मिला। परिजन पहले सीएचसी ले गए डाक्टरों के जवाब देने के बाद स्वरुप रानी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां देर रात मौत हो गई। शव पोस्टमार्टम के बाद मृतक के पिता ने पांच के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करा दिया है । मऊआइमा पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है आने के बाद सच्चाई सामने आएगी। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कखरी उर्फ गंगा का पूरा निवासी जीतेंद्र कुमार 18 वर्ष पुत्र अमरजीत सरोज का इसी गांव की एक किशोरी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया गया है कि दिसम्बर माह में दोनों हरियाणा भाग गए थे । वापस आने के बाद ग्रामीणों की पंचायत कर मामले को शांति कर दिया था। आरोप है कि तभी से किशोरी के परिजन हत्या की धमकी दिए थे । बताते हैं कि दोनों में प्रेम प्रसंग बन्द नहीं हुआ था । बताया गया है कि मृतक जीतेन्द्र कुमार सहित पूरा परिवार मेहनत मजदूरी करता था। मृतक जीतेन्द्र कुमार एक भाई एक बहनों में सबसे छोटा था। जीतेन्द्र कुमार शुक्रवार को रात लगभग 9 बजे घर भोजन आदि करने के बाद घूमने को कह कर चला गया। एक घंटे के बाद जब सपरिवार उसको तलाशने लगे तो जीतेन्द्र लहूलुहान हालत में रेलवे ट्रैक के निकट मिला पहले उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया डाक्टरों के जवाब देने के बाद जीतेन्द्र कुमार को स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान जीतेन्द्र की मौत हो गई। मृतक के पिता अमरजीत सरोज पुत्र सीता राम ने शनिवार को मऊआइमा थाने में किशोरी के पिता अशोक कुमार सरोज पुत्र महावीर ,तथा अशोक कुमार के दामाद संजय कुमार निवासी ग्राम सकरामऊ ,लालचन्द्र पुत्र महावीर ,और रवि पुत्र लालचन्द्र, एंव विकास पुत्र अशोक कुमार के विरुद्ध हत्या का मुकदमा पंजीकृत करा दिया है । पोस्टमार्टम के बाद जब जीतेन्द्र का शव कखरी मातपुर उर्फ गांगा का पूरा पहुंचा तो मृतक के पिता अमरजीत ,भाई धर्मेन्द्र ,बहन अंजू देवी ,माता राजकली का रो रो कर बुरा हाल था।आरोपी घर में ताला बंद कर रात से फरार हैं। सोरांव ,होलागढ सहित सोरांव सर्किल के थानों की फोर्स मौजूद थी। मुकदमा दर्ज कर लिया या है।

### वार्षिकोत्सव में बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की हुई प्रस्तुति

**सहसों।** छात्र-छात्राओं के अन्दर छिपी प्रतिभा एवं उनके दृढ़ इच्छाशक्ति को निखारने के लिए ही होती है विद्यालयों में वार्षिकोत्सव द्वारा सांस्कृतिक, नाट्य संगीत एवं प्रतियोगी कार्यक्रम। क्षेत्र के राजाराम पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुलालपुर में शनिवार को वार्षिकोत्सव के अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों द्वारा मां सरस्वती की वंदना से शुरू हुई। तत्पश्चात बच्चों ने नृत्य, भक्ति गीत,राष्ट्रीय गीत,लोकगीत तथा नाटक का मंचन कर उपस्थित लोगों को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। इस अवसर पर बच्चों की प्रस्तुति एवं प्रतियोगिताओं के आयोजन के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रधानाचार्य शिव प्रकाश तिवारी ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया एवं उनका हौसला बढ़ाया। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक रमेश कुमार द्विवेदी तथा अध्यक्षता कृष्णा तिवारी ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिक्षक कमलाकांत शुक्ला, राजेश मिश्र , आशुतोष तिवारी, प्रयागदत्त तिवारी, प्रमोद नारायण मिश्र, महारानी दीन मिश्र, जबर सिंह यादव, पंकज शुक्ला सहित क्षेत्र के अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# सेवा निवृत्त पीसीएस व दरोगा के घर लाखों की चोरी

अखंड भारत संदेश

**हनुमानगंज।** सराय इनायत थाना के ग्रामीण इलाकों मे एक बार फिर चोर सक्रिय होने लगे हैं। कोटवां गांव मे सड़क के किनारे बने दो सूने मकानों को चोरों ने अपना निशाना बनाया है। शनिवार बीती रात चोरों ने सेवा निवृत्त पीसीएस अधिकारी के मकान मे सामने से ताला तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने आलमारी संदूख का ताला तोड़कर नगदी समेत लाखों के सोने चाँदी के आभूषण चोरों ने पार कर दिया है।वहीं पडोस़ के दरोगा के सूने मकान मे पीछे से सेंध लगाकर अंदर घुसे चोरों ने घरमे रखे हजारों के कीमती सामान चोरों ने पार कर दिया है।सुबह गांव के लोगों ने देखा तो इसकी सूचना उनके घरवालों को दी घरके लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी मौकेपर पहुंची पुलिस व डाग स्क्वायर्ड टीम ने जाँच पड़ताल की।

कोटवाँ गांव निवासी सेवा निवृत्त पीसीएस अधिकारी कृष्णकांत उपाध्याय जो फैजाबाद ट्रेजरी मे एडिशनल डायरेक्टर के पद से रिटायर्ड हैं। बताया जाता है कि होली के दूसरे दिन कृष्णकांत यहां ताला लगाकर परिवार के साथ बडे.बेटे अमिताभ उपाध्याय के पास बनारस चले गए वहां परिवार को छोड़ने के बाद खुद बेटी के पास दमन द्वीप चले गए यहां शनिवार की बीती रात इनके मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने चार कमरों का ताला तोड़कर उसमे रखी तीन आलमारी का लाकर तोड़कर उसमे रक्खे 30 हजार नगदी समेत सोने के आभूषणों में लाकिट अंगूठी,चैन,झूमक तथा चाँदी के पायल कमर बंद बिछिया सहित बेटे अमिताभ उपाध्या ने बताया करीब 13 लाख तक के गहने चोरों ने पार करदिया। अमिताभ उपाध्याय की तहरीर पे पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं पडोस़ के एसाई अनुराग उपाध्याय जो लखनऊ मे तैनात हैं अपने परिवार के साथ लखनऊ मे रहते हैं इनके सूने मकान मे पीछे से सेंध लगाकर अंदर घुसे चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर खंगाला है जिसमे बताया जाता है कि 5 हजार नगदी समेत हजारों के घरेलू कीमती सामान चोरों ने पार कर दिया है। पुलिस का कहना है कि इनके यहां चोरी मे क्या क्या गया है घर के लोगों को आनेपर ही पता चल सकेगा।



चोरों के द्वारा तोड़ा गया रोशनदान

## संविदा कर्मी को दौडा दौडा कर पीटा गया मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** विधुत का तार चेक करने गए संविदा कर्मी को दौडा दौडा कर पीटा गया। एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है । मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कटाताजलालपुर निवासी विनोद कुमार पुत्र दूधनाथ मऊआइमा विधुत उप केंद्र पर संविदा कर्मी है। आरोप है कि वह ग्राम देवगलपुर में लाइन चेक करने गया जहां एक युवक उसे दौडा दौडा कर मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। विनोद कुमार ने मऊआइमा थाने में अनिल कुमार पुत्र जीतलाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गया है।

# योगी सरकार के दोबारा बनने पर विहिप ने खेला होली

अखंड भारत संदेश

**प्रतापपुर।** प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दोबारा मुख्यमंत्री की शपथ लेने के उपलक्ष्य में खखैचा ग्राम में विश्व हिन्दू परिषद् प्रखंड प्रतापपुर के तत्वावधान में प्रखंड के सत्संग प्रमुख आचार्य धीरज द्विवेदी ₹याज्ञिक₹ द्वारा संगठन की बैठक,कवि सम्मेलन एवं होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि चाणक्य पीठाधीश्वर परशुराम अखाड़ा के संस्थापक 1008 श्री सुदर्शनाचार्य महाराज, कार्यक्रम के अध्यक्ष सरयू प्रसाद तिवारी, प्रखंड उपाध्यक्ष प्रभात सोनी ने दीप प्रज्वलित कर तथा भगवान श्री राम,भारत माता के प्रतिमा पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम शुभारंभ किया। बाबरी मस्जिद विध्वंस करने में अहम भूमिका निभाने वाले प्रतापपुर क्षेत्र के तीन कारसेवकों छोटेलाल उपाध्याय, माता सेवक तिवारी,आदित्यनाथ तिवारी को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं मुख्य अतिथि सहित तमाम वक्ताओं ने अपनी बातें रखीं।विभिन्न स्थानों से आये रचनाकारों शिवशंकर कुशवाहा ₹शरारती₹, चंद्रकांत पांडेय ₹श्याम₹, प्रशांत भरुहिया ₹प्रयागी₹, लवकुश मिश्रा आदि कवियों ने सरस्वती वंदना, होली, पर्यावरण, सामाजिक आदि विषयों पर अपनी रचनाओं को प्रस्तुत किया।इस अवसर पर जिला सहमंत्री विनेक त्रिपाठी, जिला धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख पंकज तिवारी, जिला मीडिया प्रमुख दीपक द्विवेदी, प्रखंड अध्यक्ष अशोक दुबे, प्रखंड मंत्री किशन पाठक, बजरंगदल संयोजक बृजेश यादव शेरा, सहसंयोजक आलोक द्विवेदी, प्रखंड मीडिया प्रभारी रोहन शुक्ल, खंड संयोजक सिद्धार्थ सिंह, खंड अध्यक्ष आकाश गुप्ता, खंड सत्संग प्रमुख कृष्ण लाल तिवारी, धीरज तिवारी, ओमकार सिंह, श्रीचंद गुप्ता, अभिषेक उपाध्याय, शक्ति सिंह, नितिन मिश्र, अमन शर्मा, अवनीश दूबे, अंकुर पांडेय, विनीत मिश्र, गुंजा पटेल, पंकज मिश्र, ग्राम प्रधान मिठाई लाल भारतीया, मूलचंद मिश्र, देवेन्द्र दुबे, अनूप जायसवाल आदि कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



योगी के दोबारा मुख्यमंत्री बनने पर विहिप ने खेली होली

## कार्यकर्ता मिलन समारोह आज मियां पुर में

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र से एनडीए गठबंधन प्रत्याशी रहे एवं पूर्व मंत्री डॉ राकेश धर त्रिपाठी के संयोजन में कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन रामसुंदर पटेल इंटर कॉलेज मोईद्दिनपुर, मियां का पूरा में रविवार को 3 बजे आयोजित किया गया है। कार्यकर्ता मिलन सम्मेलन में प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में निवास करने वाले राष्ट्रीय स्तर, प्रदेश स्तर, जिला स्तर, विधानसभा स्तर एवं जोन सेक्टर एवं बूथ पदाधिकारीगण से औपचारिक मुलाकात होगी। यह जानकारी प्रेम नारायण पटेल कार्यवाहक विधानसभा अध्यक्ष अपना दल प्रतापपुर ने दिया है।

# नीलम करवरिया के नेतृत्व मे कार्यकर्ता समागम का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** मेजारोड के श्यामकली इंटर कॉलेज में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा भाजपा कार्यकर्ता समागम समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा कार्यकर्ता समागम समारोह की मुख्य अतिथि पूर्व विधायक नीलम उदयभान करवरिया रहीं। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल रहे।कार्यक्रम में विधायक ने अबीर गुलाल लगाते हुए मौजूद लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के स्नेह प्यार को भुलाया नहीं जा सकता क्योंकि मेजा का प्यार मेरे दिल में बसता है। इस अवसर पार्टी नेताओं ने संगठन मजबुती पर बल देते हुए कहा कि मेजा मे पूर्व विधायक नीलम उदयभान करवरिया के नेतृत्व मे कार्यकर्ता समागम समारोह का आयोजन बेहतर पहल है।वहीं विधायक श्रीमती करवरिया ने मेजा वासियों को होली की बधाई दी। नेताओं व कार्यकताओं ने एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर एंव मिठाई खाकर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में तिवारी बंधुओं द्वारा होली गीत गाकर सुंदर प्रस्तुति किया। ₹का हो मंगरु अब का करब, केकर केकर सोंढ ऊपरबअ₹ गाने पर कार्यकताओं ने खुब ठूमके लगाए। इस मौके पर नित्यानंद उपाध्याय, सिद्धांत तिवारी, जय शंकर पाण्डेय, राजेश द्विवेदी, मुन्नन शुक्ला, पंकज द्विवेदी, पुष्कर तिवारी, अभिषेक तिवारी टिंकू, विजय कान्त मिश्रा, पप्पु जेरा, सोनु मिश्रा, सोनु, प्रभु नाथ मिश्रा, सोनू मिश्रा, शैलेश पांडे, सुशील केसरी, नीरज द्विवेदी, धीरज द्विवेदी, सोनू शुक्ला सहित सैकड़ों नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं सूत्रों की माने तो यह भीड़ लोकसभा चुनाव को लेकर एकत्रित की गई।



पूर्व विधायक का माला पहनाकर स्वागत करते कार्यकर्ता

## खबर संक्षेप



### प्रयागराज जंक्शन पर 332 पैकेट नाजायज शराब के साथ चार गिरफ्तार

**प्रयागराज।** जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर स्थित मजार के पास से चार अभियुक्त गणों को 372 पैकेट नाजायज शराब के साथ पकड़ा गया जिसकी कुल कीमत ?40920 रुपए हैं। पकड़े गए चार अभियुक्त गढ़ में से एक प्रयागराज के थाना कीडगंज क्षेत्र का रहने वाला हर्ष जयसवाल 25 वर्ष तो वही बिहार राज्य के पटना जिला के थाना फतुहा क्षेत्र के रहने वाले तीन अभियुक्त बैजू कुमार यादव 20 वर्ष, राजा कुमार चौधरी 28 वर्ष व राजा कुमार 21 वर्ष को धर दबोचा। पकड़े गए अभियुक्तों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्रवाई की गई। पूछताछ में अभियुक्त गणों ने पुलिस को बताया बताया कि चोरी से शराब लेकर बेच देते हैं लेकिन आप लोग ने पकड़ लिया।

# 25 हजार का इनामी यूपीटीईटी पेपर लीक गिरोह का सरगना गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** एसटीएफ ने शनिवार को शंकरगढ़ से यूपी टेट पेपर लीक कराने वाले गिरोह के सरगना अजयदेव सिंह पटेल को गिरफ्तार कर लिया। वह झूंसी से वांछित चल रहा था। शासन ने उस पर 25 हजार का इनाम भी घोषित किया था। गिरोह के तीन सदस्य पिछले साल ही पकड़े गए थे। अजय देव उसी समय से फरार चल रहा था। इस मामले में उत्तराखंड एजी आफिस के ऑडिटर अमित वर्मा को भी नामजद किया गया है। एसटीएफ ने शनिवार की शाम शंकरगढ़ कस्बे से अजयदेव सिंह पटेल को गिरफ्तार कर लिया। सीओ एसटीएफ नवेंदु सिंह ने बताया कि 28 नवंबर 2021 को झूंसी के दयानाथ मिश्रा स्मारक गर्ल्स इंटर कालेज से सत्य प्रकाश सिंह, अभिषेक सिंह और अनुराग को गिरफ्तार किया था। उनके मोबाइल से उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा 2021 का लीक प्रश्न पत्र मिला था। शंकरगढ़ के अजयदेव सिंह पटेल ने उन्हें प्रश्नपत्र भेजा था।

### अभ्यर्थियों से पैसे लेकर पास कराने का लेते थे ठेका

अजय को मुकदमे में नामजद कर उसकी तलाश शुरू हुई लेकिन वह फरार हो गया था। शनिवार को गिरफ्तारी के बाद अजयदेव ने बताया कि गिरोह का संचालन एजी आफिस उत्तराखंड का ऑडिटर अमित वर्मा करता है। अमित ने ही उसे पेपर भेजा था जिसे बाद में उसने अपने लोगों को फारवर्ड किया था। उसने बताया कि गिरोह के लोग विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अभ्यर्थियों को से पैसे लेकर परीक्षा पास कराने का ठेका लेते हैं।परीक्षाओं से सिर्फ पेपर ही नहीं आउट कराते बल्कि साल्व कराके अभ्यर्थियों को भेजते हैं। हर पद और परीक्षा के लिए अलग अलग रेट निर्धारित हैं। गिरोह ने फोटोमिक्सिंग कर फर्जी आधार कार्ड, एडमिट कार्ड और अन्य आईडी बनाने वालों को हायर किया हुआ है। यूपी टेट से पहले भी कई परीक्षाओं में गिरोह के लोग अभ्यर्थियों को नकल कराके उनसे भारी रकम वसूल चुके हैं।

### दो मुकदमों में वांछित हो चुका एजी ऑफिस का ऑडीटर

एसटीएफ ने अजयदेव के बयान के बाद एजी आफिस उत्तराखंड का ऑडीटर अमित वर्मा को भी मुकदमे में नामजद कर लिया है। अजयदेव के मुताबिक वह उत्तराखंड छोड़कर बाहर कभी नहीं जाता। सीओ नवेंदु सिंह ने बताया कि 2021 में शिवकुटी थाने अजय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। उस मामले में भी साल्वर गिरोह पकड़ा गया था। उन लोगों ने अमित वर्मा का नाम बताया तो उसे नामजद किया गया था। हालांकि उसे अब तक कभी पकड़ा नहीं जा सका। सीओ ने बताया कि उसे पकड़ने के लिए टीम उत्तराखंड जाएगी।



### 50 हजार एडवांस के साथ ले लिए मूल शैक्षिक प्रमाण पत्र

टेट परीक्षा में पेपर लीक करने वालों ने प्रति अभ्यर्थी ढाई लाख रुपये में सौदा तय किया था। अभ्यर्थियों से पचास हजार नकद और उनके मूल शैक्षिक प्रमाणपत्र ले लिए थे। कहा गया था कि पास होने के बाद जब वे दो लाख और दे देंगे, प्रमाणपत्र वापस कर दिए जाएंगे। इसी तरह हर परीक्षा में कुछ पैसा एडवांस लेकर अभ्यर्थियों से मूल प्रमाणपत्र जमा करा लिया जाता ताकि वह पूरी रकम दे दे।

### जनपद न्यायालय व समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मई को

**प्रयागराज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव प्रज्ञा सिंह-द्वितीय ने बताया है कि उ0प्र0 राज्य विधिक प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इलाहाबाद के तत्वाधान में दिनांक 14.05.2022 को प्रातः 10:00 बजे से जनपद न्यायालय, इलाहाबाद व समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पारिवारिक वाद, मोटर दुर्घटना वाद, राजस्व संबंधी बैंक के ऋण संबंधी वाद, विद्युत संबंधी वाद, फौजदारी वाद, आपसकी सुलह समझौते के आधार पर होने वाले समस्त वादों का निस्तारण किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों का निस्तारण कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए हाईकोर्ट के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए किया जाएगा। समस्त वाद कारियों से अनुरोध है कि वे अपने मुकदमों के तस्दीक अपने अधिवक्ता के द्वारा उचित माध्यम से लोक अदालत के आयोजन से पूर्व सम्पन्न करा लें, जिससे उनके मुकदमों का निस्तारण किया जा सके।

# यूपीपीएससी सीधी भर्ती के 42 पदों के लिए इंटरव्यू चार अप्रैल से

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, चिकित्सा शिक्षा (आयुर्वेद) विभाग और प्राविधिक शिक्षा विभाग में 42 पदों पर सीधी भर्ती के लिए साक्षात्कार का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इंटरव्यू चार से आठ अप्रैल तक आयोजित किए जाएंगे।आयोग के उपसचिव पुष्कर श्रीवास्तव के अनुसार चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाएं में कीट विज्ञान सहायक (अवर श्रेणी) के एक पद के लिए चार अप्रैल एवं सहायक आचार्य फिजीसिस्ट के एक पद के लिए सात अप्रैल को साक्षात्कार होगा।इसी तरह चिकित्सा शिक्षा (आयुर्वेद) विभाग में प्रवक्ता शल्य तंत्र के एक पद के लिए पांच अप्रैल, रीडर प्रसूति एवं स्त्री रोग के एक पद के लिए छह अप्रैल और प्राविधिक शिक्षा विभाग में प्रशिक्षण एवं सेवा योजन अधिकारी के एक पद के लिए चार अप्रैल, प्रवक्ता यांत्रिक अभियंत्रण के 20 पदों के लिए चार, पांच, छह, सात, आठ अप्रैल और प्रवक्ता सिविल अभियंत्रण के 17 पदों पर सीधी भर्ती के लिए पांच, छह, सात एवं आठ अप्रैल को इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। साक्षात्कार से संबंधित विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# तीसरे दिन 70 हजार छात्र-छात्राओं ने छोड़ी परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

### यूपी बोर्ड परीक्षा : नकल करते हुए पकड़ी गईं तीन छात्राएं

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड परीक्षा में केंद्रों पर सख्ती का असर दिख रहा है। परीक्षा छोड़ने वाले परीक्षार्थियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। शनिवार को तीसरे दिन भी यह क्रम जारी रहा। दोनों पालियों की परीक्षा में कुल 70 हजार 207 विद्यार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। सूबे में हाईस्कूल की परीक्षा के दौरान उड़ाका दल ने तीन छात्राओं को नकल करते हुए पकड़ा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव के मुताबिक शनिवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल की गृहविज्ञान और इंटरमीडिएट की उर्दू, गुजराती, पंजाबी, बंगला, मराठी, असमी, उड़िया, कन्नड़, सिंधी, तमिल, मलयालम तथा नेपाली भाषा की परीक्षा थी। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट में वाणिज्य वर्ग की लेखाशास्त्र की परीक्षा रही। प्रथम पाली में कुल 8 लाख 11 हजार 121 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 7 लाख 43 हजार 427 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 67 हजार 694 विद्यार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। परीक्षार्थियों के अनुपस्थिति का सिलसिला जारी दूसरी पाली की परीक्षा में कुल 57 हजार 037 अभ्यर्थी पंजीकृत रहे। इनमें से 54 हजार 524 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। जबकि 2513 विद्यार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। तीसरे दिन की परीक्षा में कुल 8 लाख 68 हजार 158 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे। इनमें से 7 लाख 97 हजार 951विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। सोमवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल की चित्रकला, रंजनकला तथा इंटरमीडिएट की भूगोल तथा द्वितीय पाली में हाईस्कूल की कंप्यूटर तथा इंटरमीडिएट की व्यवसाय अध्ययन नया पाठ्यक्रम और गृहविज्ञान विषय की परीक्षा होगी।

### शातिर ने दुकानदार से उड़ाए 65 हजार रुपए

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के अरैल मोड़ के समीप एक दुकानदार को एक जालसाज शातिर अपने आप को सैन्य कर्मी बताते हुए वेल्डिंग मशीन की खरीदारी की बात कर उसके बचत खाते से लगभग 65 हजार रुपए उड़ा दिया। भुक्तभोगी ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है। जानकारी के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र के सण्वा कला निवासी विनोद कुमार शर्मा पुत्र लाल मोहन शर्मा नैनी कोतवाली के अरैल मोड़ के समीप साईं सर्विस सेंटर नाम से दुकान चलाते हैं। उनके पास बीते कुछ दिन पूर्व एक युवक अपने आप को सैन्य कर्मी बताते हुए वेल्डिंग मशीन की खरीदारी करने के लिए व्हाट्सएप के जरिए संपर्क किया। फिर उसके बाद मोबाइल फोन पर लगातार संपर्क करता रहा। वेल्डिंग मशीन की खरीदारी की डील पूरी होने पर उक्त शातिर ने बड़ी चालाकी के साथ भुक्तभोगी के गूगल एकाउंट (यूपीआई) से दो बार में लगभग 65 हजार रुपए उड़ा दिया। बैंक द्वारा एसएमएस आने पर भुक्तभोगी के होश उड़ गए। उसने नैनी कोतवाली व साइबर सेल में आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराने के लिए तहरीर दी है।

# दौना कांड की पीड़ित शिवपतिया परिवार के जमीन की हुई पैमाइस

**जसरा में एसपी यमुनापार, एसडीएम बारा की उपस्थित में पीड़ित को एकबीघा सात बिस्वा जमीन दिलाया गाटा संख्या 509 पर पीड़ित परिवार को दिलाया गया कब्जा,गाटा संख्या 214 की पैमाइस होगी दस दिन बाद**



एसपी यमुनापार व एसडीएम बारा पीड़ित को जमीन दिलाते



मौके पर उपस्थित पुलिस बल पूछताछ करती

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा।** एडीजी व जिलाधिकारी के निर्देश पर शनिवार को एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित व एसडीएम बारा सौम्या गुरुरानी की उपस्थिति में जसरा के दौना काण्ड के पीड़ित परिवार के पट्टे की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले आरोपियों से मुक्त कराकर पीड़ित परिवार को कब्जा दिलाया गया। शनिवार को जसरा के ग्राम दौना स्थित गाटा संख्या 509 रकबा 0.2170 हेक्टे. में सम्मलित पट्टे की जमीन की विधिवत पैमाइस कर पीड़ित परिवार को कब्जा दिलाया गया। जबकि गाटा संख्या 214 रकबा 0.1370 हेक्टे. पट्टे की भूमि की पैमाइस बाद में की जाएगी। एसडीएम बारा सौम्या गुरुरानी व एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित क्षेत्राधिकारी करछना राजेश यादव, तहसीलदार बारा गणेश सिंह की उपस्थिति में की गई। गाटा संख्या 509 की पैमाइस से उभय पक्ष संतुष्ट रहा तथा खेत में लगे शीशम के पेड़ के बदले में पांच हजार रुपए पीड़ित परिवार को दिलाया गया । जबकि पट्टे की भूमि पर अनाधिकृत रूप से बोई गई गेंहू की फसल को गांव के कोटेदार राम अवध भारतीय को सुपुर्द किया गया तथा फसल के तैयार होने पर उससे प्राप्त गेंहू अथवा आटा गांव के प्राथमिक स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के भरण पोषण हेतु दान में दिए जाने का उभय पक्षों द्वारा निर्णय लिया गया। पीड़ित पक्ष अमरजीत रामानंद फूलचंद शिवनाथ राजनाथ आदि द्वारा बताया गया कि गाटा संख्या 214 पट्टे की जमीन की पैमाइस कर कब्जा दस दिन के बाद दिलाये जाने का आश्वासन अधिकारियों द्वारा दिया गया है।

# दो दिवसीय अंतरमहाविद्यालीय खेलकूद वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न



खिताब जीतने के पश्चात खुशी व्यक्त करते छात्राएं

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** शनिवार को आई.एस.डी.सी डिग्री कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय अंतरमहा विद्यालीय खेल कूद के अंतर्गत छात्रा वर्ग का वॉलीबाल प्रतियोगिता सकुशल संपन्न हुआ । इस प्रतियोगिता में सी एम पी डिग्री कॉलेज की टीम ने एस. पी. एम टीम को 2512 से हराकर खिताब अपने नाम किया । वही सी. एम. पी के छात्र वर्ग की टीम ओवरऑल भी विजेता रही इस प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण सत्र में बतौर मुख्य अतिथि डॉ पंकज कुमार, डीन सी. डी. सी, इलाहबाद यूनिवर्सिटी रहे। सीएमपी कॉलेज के टीम का नेतृत्व डॉ अनंत सिंह,स्पोर्ट्स संयोजक ने किया।इस आयोजन को सकुशल संपन्न कराने में तबरेज, अंकुर, प्रत्यूष, हर्ष, अश्मित, अंशु, मनदीप, देवव्रत, अरविंद, रिजवान, हिमांशु,शिक्षा , काजल, श्रेया , रोशन, शांतनु , लक्की एव अन्य सभी छात्र छात्राओं ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

# रेलवे ने मैहर जाने वाले यात्रियों की राह अब और की आसान



**प्रयागराज।** चैत्र नवरात्र के अवसर पर मां शारदा के धाम मैहर जाने वाले श्रद्धालुओं की राह रेलवे ने आसान कर दी है। रेलवे ने प्रयागराज से मुंबई रूट की आठ जोड़ी ट्रेनों का ठहराव मैहर रेलवे स्टेशन पर सुनिश्चित किया है। संबंधित ट्रेनों की समय सारिणी उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन द्वारा शनिवार को जारी कर दी गई।मैहर में ट्रेनों का अतिरिक्त ठहराव एक अप्रैल से 16 अप्रैल की अवधि तक रहेगा। इस दौरान यहां 11055/11056 लोकमान्य तिलक-गोरखपुर, 12669/12670 गंगा कावेरी, 11059/11060 छपरा-लोकमान्य तिलक, 12791/12792 दानापुर-सिकंदराबाद, 19051/19052 मुजफ्फरपुर-वलसाड, 15645/15646 गुवाहाटी-लोकमान्य तिलक, 19045/19046 छपरा-सूरत एवं 12293/12294 प्रयागराज-लोकमान्य तिलक दुरंतो एक्सप्रेस का दोनों ओर से ठहराव रहेगा। उत्तर मध्य रेलवे के सीनियर पीआरओ डा. अमित मालवीय के अनुसार ट्रेन का ठहराव पांच मिनट का रहेगा।

# इलाहाबाद विवि के हॉस्टलों की फीस हुई आधी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हॉस्टलों में इस बार वार्षिक शुल्क आधा कर दिया गया है। छात्र-छात्राओं की मांग पर इविवि प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। हालांकि यह व्यवस्था सत्र 2021-22 के लिए ही लागू की गई है। छात्र-छात्राओं से कहा गया है कि हॉस्टल के कार्यालय में शुल्क जमा कर प्रवेश की प्रक्रिया पूरी करें।इविवि प्रशासन ने सत्र 2020-21 में विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने वाले स्नातक और परास्नातक के छात्र-छात्राओं को हॉस्टल आवंटित कर दिए हैं। छात्र मांग कर रहे थे कि हॉस्टल की फीस उतनी ही ली जाए, जितने समय के लिए उन्हें हॉस्टल आवंटित किए गए हैं। उनका तर्क था कि पूरे साल ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन किया गया और हॉस्टल बंद थे।मार्च में हॉस्टल आवंटित किए गए। यूजी और पीजी के छात्र सत्र 2021-22 में तीन से चार माह तक हॉस्टल में रह सकेंगे और इसके बाद नया सत्र शुरू हो जाएगा। ऐसे में हॉस्टल की फीस कम होनी चाहिए। छात्रों ने कुलपति और डीएसडब्ल्यू के ऑफिस में ज्ञापन देकर फीस कम किए जाने की मांग की थी।

### हाल ही में जिन छात्रों को आवंटन हुआ है उनको भी राहत

छात्रों की मांग को ध्यान में रखते हुए इविवि प्रशासन ने हॉस्टल के शुल्क में 50 फीसदी तक की कमी कर दी है। डीएसडब्ल्यू प्रो. केपी सिंह की ओर से जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि हाल ही में स्नातक और परास्नातक के जिन छात्र-छात्राओं को हॉस्टल आवंटित किए गए हैं, उनकी फीस 50 फीसदी तक घटा दी गई है।छात्र-छात्राओं को वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा पूरी होने तक या 30 जून तक (दोनों में से जो पहले पूरा हो) हॉस्टल में रहने की अनुमति दी गई है। छात्र-छात्राओं को जो हॉस्टल आवंटित किए गए हैं, वहां जाकर कार्यालय में आधी फीस जमा करके प्रवेश लेना है।

### नव प्रवेशी छात्रों को भी हॉस्टल आवंटन जल्द

इविवि में सत्र 2021-22 के तहत प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को अभी हॉस्टल आवंटित नहीं किए गए हैं। इन छात्र-छात्राओं ने प्रवेश परीक्षा के दौरान ही हॉस्टल आंवटन का विकल्प भर दिया था। स्नातक प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं की ऑफलाइन परीक्षाएं अगस्त में प्रस्तावित हैं और उन्हें हॉस्टल की आवश्यकता है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत उसरही विकास खण्ड सोरांव प्रयागराज
### टेण्डर/कोटेशन

महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारन्टी योजना अन्तर्गत/निम्नलिखित परियोजनाओं पर निर्माण कार्यों में प्रयोगार्थ सामग्री जैसे:- ईट, सीमेन्ट, मोटी बालू, मझली बालू, ईट गिट्टी इत्यादि की आपूर्ति हेतु 20000 से 100000 तक की सामग्री का कोटेशन तथा रूपया 100001(एक लाख एक रूपया) से ऊपर की सामग्री हेतु अधिकृत आपूर्तिकर्ताओं से जिनके पास पैन सं0 हो मोहर बंद टेण्डर दिनांक 13.01.2022 को पूर्वान्ह 10बजे से अपराह्न 2 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत **उसरही** के टेण्डर बाक्स में आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिनांक अपराह्न 3 बजे कोटेशनदाता/निविदादाता की उपस्थिति/अनुपस्थिति में गठित निविदा कमेटी के समक्ष खोलकर स्वीकृत प्रदान की जायेगी निविदा प्रपत्र दिनांक 08.01.2022 से 13.01.2022 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा प्रपत्र शुल्क नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकेगे एवं धनराशि/NSC/FD के रूप में ग्राम पंचायत **उसरही** के पक्ष में स्वीकार की जायेगी।

| क्र0 | ग्राम पंचायत का नाम | योजना का नाम | कार्यस्थल का विवरण | सामग्री का नाम | लागत (लाख में) | टेण्डर/कोटेशन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उसरही | मनरेगा | बनवारी गुप्ता के घर से नाला तक पक्की नाली निर्माण कार्य | पावर ब्रिक्स, ईंट,सीमेन्ट, मोटी बालू, मझली बालू इत्यादि | 136956.00 | टेण्डर |
| 2. | उसरही | मनरेगा | लक्ष्मी केसरवानी के घर से सन्तोष गुप्ता के घर तक पक्की नाली निर्माण | पावर ब्रिक्स, ईंट,सीमेन्ट, मोटी बालू, मझली बालू इत्यादि | 196043.00 | टेण्डर |

**सीता देवी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत उसरही**
**वि0 ख0 सोरांव, प्रयागराज।**

**अन्नपूर्णा शुक्ला**
**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत उसरही**
**वि0 ख0 सोरांव, प्रयागराज**


# दो दिवसीय जल जीवन मिशन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**अखंड भारत संदेस**




प्रशिक्षण कार्यक्रम वितरण किया गया किट

**करछना।** विकास खण्ड परिसर में स्थित सभागार हाल में जल जीवन मिशन कार्यक्रम हर घर जल योजनांतर्गत दो दिवसीय महिला प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम के दूसरे एवं अन्तिम दिवस प्रतिभागियों को राम विलास राय खण्ड विकास अधिकारी द्वारा कीट वितरण कर-के संगोष्ठी समाप्ति किया गया।अधिशासी निदेशक राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन उत्तर प्रदेश लखनऊ के निदेर्शानुसार विकास खण्ड के सभागार में जल जीवन मिशन के बैनर तले सैकड़ों महिलाओं को राज्य स्तर प्रशिक्षक जल जीवन मिशन उत्तर प्रदेश विपिन प्रकाश जायसवाल,शिवाकांत द्विवेदी,मंगला प्रसाद द्वारा उपस्थित महिलाओं को दूषित पेयजल से होने वाले भयानक बीमारियां जैसे पीलिया, कालरा, कैंसर,दस्त बुखार, हड्डी रोग, कुपोषण, चर्म रोग आदि एवं उससे बचने के उपाय जैसे पेय जल श्रोत इण्डिया मार्का टू हैण्ड पम्प, नल, कुआ आदि को ब्लीचिंग पाउडर को प्लास्टिक के बर्तन में घोल बनाकर रात्रि में उसके अन्दर घोल को डाल कर पूरी रात्रि छोड़ देने और सुबह में पेय जल श्रोत से पानी तब तक निकालना चाहिए जब तक लाल या जंग वाला पानी साफ न हो जाए,बैक्टीरिया वाले दूषित पानी को उबाल कर पीना चाहिए,पीने वाले पानी को बाल्टी में रखकर उसमे फिटकरी को सूती कपड़ा में पोटली बनाकर पानी के अन्दर घुमाकर पानी स्थिर होने के बाद पानी का सेवन करना चाहिए आदि विभिन्न प्रकार से पानी को शुद्ध और स्वच्छ होने की दशा में ही पानी का सेवन करना चाहिए। पाइप लाइन शुद्ध पेयजल आपूर्ति, जल दोहन करने से पानी के संकट,पानी में रसायन आयरन, फ्लोराइड, क्लोरिन आदि की जल जांच करने सम्बंधी विस्तृत जानकारी दी गई और अधिकाधिक महिला समूहों से भी जल जांच कीट के माध्यम से पानी की जान कराई गई। इस अवसर पर जिला प्रबंधन इकाई जल जीवन मिशन से मीना शुक्ला, मनीष यादव,कमलेश यादव परियोजना प्रबंधक,प्रतीक यादव, विनोद कुमार बिंद टीम लीडर जल जीवन मिशन,धीरेंद्र द्विवेदी,महिला समूहों से खुशबू, कामिनी, सोनी शुक्ला, मनोरमा पटेल, साधना तिवारी,ज्योति तिवारी सहित तमाम महिलाएं प्रतिभाग की।

# नगर में निकाली गई श्री खाटू श्याम प्रभु की भव्य शोभायात्रा

## भक्तों ने जगह-जगह शोभा यात्रा का किया स्वागत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** श्री खाटू श्याम महोत्सव की शोभा यात्रा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गोपाल मंदिर से श्याम भक्तों द्वारा निकाली गई। शोभायात्रा में महिलाएं निशान लेकर तथा पुरुष भक्तगण झंडे लेकर शोभायात्रा में आगे आगे चल रहे थे। रास्ते में भक्तों के लिए जगह-जगह स्वागत द्वार बनाया गया था और भक्तों के लिए जगह-जगह जलपान की व्यवस्था नगर वासियों ने की थी।

श्याम प्रभु की शोभायात्रा चैक होते हुए किशोरी सदन पहुंची वहां पर विधिवत श्याम भक्तों ने पूजा अर्चना की। वहां पर खाटू श्याम महोत्सव में बाहर से आये कलाकार ने भजन गाकर पूरा परिचय श्याम मय हो गया। शोभायात्रा में कमलेश कुमार अग्रवाल, समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, सुनील गोयल, संजय खंडेलवाल, दिनेश सिंह ष्दिन्नूष, नंदू खंडेलवाल, शिवम खंडेलवाल, मोनू अग्रवाल, रवि अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, अर्चना खंडेलवाल, मिली, ज्योति अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, इंदिरा अग्रवाल, रेखा उमरवैश्य, रिंकी अग्रवाल, आशा अग्रवाल, प्रीति केसरवानी आदि श्याम मंडल की महिलाएं उपस्थित रही।



श्री खाटू श्याम प्रभु की शोभा यात्रा में शामिल महिलाएं।

## रंजिश में पड़ोसियों में पड़ोसियों से हुई मारपीट, पांच जख्मी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रामपुर खागल गांव की गायत्री देवी पत्नी स्वर्गीय नागेंद्र कुमार का आरोप है कि शनिवार की सुबह लगभग 11 बजे उसके पड़ोसी एक राय होकर पुरानी रंजिश में लाठी डंडा लेकर उसके घर में घुस आए और घर में महिलाओं को मारना पीटना चालू किया चीख-पुकार सुनकर उसकी देवरानी रुमझुम पत्नी पंकज अनीता पत्नी राजेश पहुंचे तो आरोपियों ने उन लोगों को भी लाठी-डंडों से जमकर पीट दिया। इसी तरह दूसरे पक्ष की तरफ से नीतू पत्नी प्रदीप ने आरोप लगाया है कि गायत्री रुमझुम अनीता ने पुरानी रंजिश का हवाला देकर उसके दरवाजे पर आकर लाठी-डंडों से पीटकर उसे जख्मी कर दिया। गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। दोनों पक्षों ने पुलिस को फोन किया उसके बाद एंबुलेंस के जरिए पट्टी नगर स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर अपना इलाज कराया और दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी है।

## रक्तदान से बड़ा कोई पुनीत कार्य नहीं: डा0 बृजभानु

### पीबीपीजी कालेज में रक्तदान शिविर में 50 छात्रों ने किया रक्तदान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगढ़ सिटी में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा रक्त कोष जिला चिकित्सालय प्रतापगढ़ के संयोजन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में रक्तदान शिविर लगाया गया जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ भानु सिंह ने किया।

उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है इससे पुनीत कार्य कोई नहीं हो सकता है और छात्रों को ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों एवं सेविकाओं ने रक्तदान हेतु बढ़ चढ़कर भाग लिया। रक्तदान शिविर में 50 छात्रों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। यह अपने आप में महाविद्यालय के लिए ऐतिहासिक क्षण है। महाविद्यालय के मुख्य नियंता ब्रह्मानंद प्रताप सिंह ने रक्तदान हेतु छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया और कहा कि रक्तदान कन्यादान से ही बड़ा दान होता है, इससे जीवन मृत्यु से संघर्ष कर रहे लोगों को जीवनदान दिया जा सकता है। दूसरों की रक्षा तो होती ही है। साथ ही स्वयं की भी रक्षा होती है और रक्तदाता का रक्तचाप की क्रिया बराबर रहती है। इस अवसर पर डॉक्टर कुसुम लता, डॉ रमेश यादव, डॉ प्रणव ओझा, डॉ0 कुलदीप सिंह, बालेंद्र भूषण सिंह, पवन कुमार सिंह, अजीत प्रताप सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।



रक्तदान का प्रमाण पत्र देते कार्यक्रमाधिकारी डा0 धर्मेन्द्र प्रताप सिंह।

## एम्बुलेंस में गूंजी किलकारी

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** सीएचसी कालाकांकर के अन्तर्गत अस्थान गांव में शनिवार की सुबह नीतू देबी को अचानक प्रसव पीड़ा असहनीय होने लगी जिस पर गांव की आशा बहू फूलन देबी ने 102 स्वाथ्य विभाग की गाड़ी को फोन किया, तभी स्वास्थ्य विभाग की यूपी 41 जी 3602 अस्थान गांव पहुंची और नीतू को लेकर कालाकांकर सीएचसी के लिए रवाना हुई। अचानक नीतू को प्रसव पीड़ा तेज शुरू हो गई जो असहनीय होने लगी कि तभी ईएमटी दिनेश कुमार व पायलट रामप्रसाद की मदद से गाड़ी को एक किनारे खड़ी करके सुरक्षित प्रसव कराया गया। प्रसव के बाद जच्चा बच्चा दोनों को पास केरावडीह एनम सेंटर भर्ती कराया जहाँ दोनों स्वस्थ्य बताये जा रहे हैं। नीतू के परिजन लोग भी मौके पर पहुंच गए और सकुशल प्रसव होने पर स्वाथ्य विभाग के कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।

## प्रतापगढ़ को मिलेंगे तीन नये स्टेशन मास्टर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** स्टाफ की कमी के कारण परिचालन के काम में आ रही बाधा को झेल रहे प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन के परिचालन विभाग को जल्द ही तीन नये स्टेशन मास्टर मिलेंगे। अगर ऐसा होता है तो कर्मचारियों को काफी सहूलियत हो जाएगी और आए दिन आउटडोर को लेकर हो रहे विवाद पर भी अंकुश लग सकता है। इसकी चर्चा है। बता दें कि स्टेशन मास्टर की कमी के चलते गार्डों की ड्यूटी आउटडोर में लगाई जा रही है। कुछ दिनों पहले अधिकारियों के मैसेज पर गार्डों को भी वहां से हटाकर ट्रेनों पर ड्यूटी करने को कह दिया गया। कर्मचारियों को लगा कि इसके पीछे आउटडोर को बंद करने की अधिकारियों की साजिश है। जिससे इसका विरोध भी हुआ स्टेशन अधीक्षक कर्मचारियों के निशाने पर रहे। मेंस यूनियन अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच हो रहे टकराव को रोकने के लिए आगे आई। शनिवार को ब्रांच ऑफिस में हुई मीटिंग में यह मुद्दा उठा। लखनऊ के परिचालन अधिकारियों को इस बात से अवगत कराया गया। बताया जाता है कि दूरभाष पर वार्ता कर स्टेशन मास्टर की तैनाती करने की मांग की गई। पता चला है कि अधिकारियों ने प्रतापगढ़ को तीन स्टेशन मास्टर देने की बात कही है। हालांकि अभी इस आशय का कोई मैसेज प्राप्त नहीं हुआ है। लेकिन परिचालन विभाग में इसकी चर्चा जोर शोर से हो रही है।

## हाईस्कूल गृह विज्ञान में 1484 व इंटर उर्दू में 68 परीक्षार्थी अनुपस्थित

### परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते रहे अधिकारी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** यूपी बोर्ड की चल रही हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा में शनिवार को प्रथम बेला में हाईस्कूल की गृह विज्ञान परीक्षा में 1484 परीक्षार्थी तथा द्वितीय पाली की इंटर की उर्दू परीक्षा में 68 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

बता दें कि प्रातः बेला में हाईस्कूल गृह विज्ञान में 14707 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 13210 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इस तरह 1484 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित परीक्षार्थियों में 1471 छात्राएं तथा 13 छात्र शामिल रहे। इसी प्रकार द्वितीय बेला में इंटर उर्दू की परीक्षा में 437 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 68 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। केवल 369 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा देने वालों में 59 छात्र व 310 छात्राएं शामिल रहीं। हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा में आंतरिक सचल दल भी सक्रिय दिखाई दिया। गेट पर ही छात्र-छात्राओं की तलाशी ली जा रही थी। शिक्षा विभाग के अधिकारी भी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर रहे थे।



जीजीआईसी में बोर्ड परीक्षा देकर बाहर निकलती छात्राएं।

## कालेज उड़ाका दल की सक्रियता से हुआ दो रिस्टीकेशन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** हेमवतीनंदन बहुगुणा पी जी कालेज में चल रही एम ए, एम एस सी की परीक्षा में नकलचियों के हौसले नदारद देखे गए, प्राचार्य की सक्रियता एवं उड़ाका दल की नजरबंदी ने सभी नकलचियों पर लगाम लगा दिया है, आज प्रथम पाली की परीक्षा में दो नकलची धर दबोचे गए, बताते चले कि इस परीक्षा में अभी तक दसों लोगों का रिस्टिकेशन हो चुका है, आज के रिस्टीकेशन में 1सैन्य विज्ञान, 1गृह विज्ञान, एक छात्र,1छात्रा रिस्टीकेट हुई, उड़ाका दल प्रभारी - डॉ राजेन्द्र मिश्र एवं प्राचार्य-डॉशैलेन्द्र कुमार मिश्र अपनी पूरी टीम के साथ परीक्षा सुचिता पूर्ण बनाने में कृतसंकल्प हैं।प्रथम पाली की परीक्षा में 232छात्रों ने परीक्षा दी, 25 छात्र परीक्षा डर कर छोड़ दिये।दूसरी पाली की परीक्षा में 465छात्रों ने परीक्षा दी,60छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। उक्त सूचना जनसूचनाधिकारी-डॉ फणीन्द्र नारायण मिश्र-हेमवतीनंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज ने दी।

## मच्छरों से बचाव करने व शुद्ध पेयजल पीने पर जोर

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत नपा कार्यालय में हुई बैठक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत नगर पालिका के सभाकक्ष में शनिवार को एक बैठक हुई जिसमें मच्छरों को नियंत्रित करने के लिये हर उपाय अपनाने तथा स्वच्छ पेयजल पीने पर चर्चा हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला संचारी रोग नियंत्रण अभियान के नोडल अधिकारी डा0 राजेश कुमार गिरि ने नगर पालिका द्वारा शहर के सभी नाले-नालियों की विधिवत सफाई कर एंटी लार्वा का छिड़काव व फागिंग करने पर जोर दिया जिससे मच्छरों का प्रकोप कम किया जा सके। इसके लिये उन्होंने शहर के नाले-नालियों को ढकने का प्रबंध की आवश्यकता भी बताई।

उन्होंने हैण्डपम्पों का निरीक्षण कर उथले हैण्डपम्पों को चिन्हित कर लाल निशान लगाने का निर्देश दिया। बैठक में शुद्ध पेयजल के लिये नगर पालिका के पानी को क्लोरोफाइड करने की सख्त जरुरत बताई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के डिस्टिक कोआर्डिनेटर आकाश मिश्रा, यूनीसेफ सदस्य अनुराग, जिला मलेरिया निरीक्षक संतोष श्रीवास्तव ने संचारी रोग नियंत्रण के टिप्स दिये। बैठक के प्रारंभ में नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने सभी सभासदों, कर्मचारियों तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, अधिकारियों का स्वागत किया। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने सलाह दी कि इन निरोधक उपायों के साथ-साथ नागरिकों को भी अपनी सुरक्षा के लिये मच्छरदानी का प्रयोग करना चाहिये। बैठक में सभासद आशीष जायसवाल, अनिल सिंह के अलावा पल्टन बाजार व मीरा भवन के सभासद भी मौजूद रहे। इसके अलावा नगर पालिका के प्रशांत सिंह, मिथिलेश सिंह, महेश तिवारी, आरआई लाल बहादुर सिंह भी मौजूद रहे।



संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक में मौजूद अधिकारी।

## चिंगारी से उजड़ गया गरीब का आशियाना

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र के बाबा बेलखरनाथ धाम के अमहरा गांव के रहने वाले लालजी विश्वकर्मा के घर में अज्ञात कारणों से छप्पर में आग लग गई। आग की लपटें तेजी से छप्पर में लगकर उठी तो घरवाले शोर मचाना शुरू किया। गांव वाले दौड़े और बाल्टी में पानी लेकर आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग की लपटें इतनी विकराल रूप ले चुकी थी कि थोड़ी देर में घर में रखा हुआ गेहूं चावल सरसों बर्तन चारपाई तथा नगदी 8000 रुपये जलकर खाक हो गया।

## बन्द पड़े सामुदायिक शौचालय की जांच करने पहुंचे डिप्टी डीसी एमएलआर

### दर्जन भर से अधिक बंद पड़े हैं सामुदायिक शौचालय, सहायिका का रोका वेतन

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शनिवार को सामुदायिक शौचालय की हकीकत डालने के लिए पट्टी तहसील क्षेत्र में डीटीडीसी एमएलआर नागेंद्र मिश्र पहुंचे उन्होंने इस दौरान बंद पड़े हुए शौचालय की स्थिति देख कर के उसे सुचारू रूप से चलाने की हिदायत दी। स्वच्छ भारत मिशन तथा स्वच्छता अभियान के तहत केंद्र और प्रदेश सरकार ने प्रत्येक गांव सभा में सामुदायिक शौचालय का निर्माण करवाया है। लेकिन अधिकतर गांव में सामुदायिक शौचालय का उपयोग वर्षो से नहीं किया जा रहा है। इस मामले को लेकर बीते कुछ दिनों में शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए शनिवार को सुबह साढ़े दस बजे करीब पट्टी क्षेत्र के करनपुर खूझी गांव में सामुदायिक शौचालय की जांच करने पहुंचे डिप्टी डीसी एमएलआर डाक्टर नागेंद्र नारायण मिश्र को शौचालय बंद मिला। आसपास के लोगों से शौचालय सहायिका की पूछताछ करने पर कोई कुछ नहीं बता सका। मौके पर प्रभारी एडीओ पंचायत प्यारे लाल सरोज से जानकारी ली। शौचालय सहायिका का मानदेय रोकने का आदेश दिया। इसके बाद यहियापुर, पूरेपांडे, सोनाही सरखेलपुर, खूझी कलां, गांव में सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण करते हुए शौचालय सुचारू रूप से चलाने की हिदायत भी दिया। जिन गांव के सामुदायिक शौचालय में पानी और बिजली की व्यवस्था नहीं है ग्राम प्रधान को निर्देशित करते हुए कहा कि 1 सप्ताह के अंदर गांव में बने सामुदायिक शौचालय में बिजली और पानी की व्यवस्था नहीं की गई तो बंद पड़े सामुदायिक शौचालय की रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

## टाइनी संचालक से लूट के मामले में दो गिरफ्तार एक फरार

### पुलिस पार्टी पर लुटेरो ने की फायरिंग, जवाब में पुलिस ने किया फायर

अखंड भारत संदेश

**बाघराय, प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के भाव गांव निवासी जयप्रकाश मिश्रा पुत्र गोकरण नाथ मिश्रा भाव चैराहे पर ग्रामीण बैंक उत्तर प्रदेश की टाइनी शाखा खोली है। बीते 21 मार्च को दिन लगभग एक बजे शाखा बाघराय से पैसा निकालने के बाद बाइक से अपने सेंटर भाव जा रहे थे, तभी मैंधार गांव के पास खैलरहवा पुल के पास नकाबपोश अपाचे सवार तीन बदमाशों ने तमंचा सटाकर 86 हजार नगद लैपटॉप डिवाइस और मोबाइल लूट कर फरार हो गए थे।

घटना की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष बाघराय अपर पुलिस अधीक्षक समेत भारी संख्या में पुलिस पहुंचकर नाकेबंदी कर लुटेरो की सुरागकसी करवाई थी लेकिन बदमास हाथ नही लगे थे। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एसओजी टीम प्रभारी सुनील कुमार यादव एवं थानाध्यक्ष बाघराय अखिलेश कुमार यस आई हरिमोहन राजपूत यस आई सतीश यादव भारी फोर्स के साथ आज भोर में मुखबिर की सटीक सूचना पर भाव छेत्र में जा रहे थे तभी अपाचे सवार युवक दिखाई दिए तो पुलिस ने अपनी गाड़ी रोक दी। पुलिस की घेराबंदी देख बदमाशों ने फायरिंग करना शुरू कर भागने लगे पुलिस टीम ने दौडा कर दो अभियुक्तों को पकड़ लिया एक भागने में सफल रहा। पकड़े गए युवक की पहचान अनुज पांडे पुत्र उमेश पांडे निवासी जमलामऊ थाना बाघराय एवं भास्कर पाठक पुत्र बृजेश पाठक निवासी बेधन गोपालपुर थाना बाघराय के रूप में हुई जबकि सतीश सरोज पुत्र फेरई निवासी कुढ़ा थाना हथिगवां भागने में सफल रहा। पकड़े गए लुटेरों के पास घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल लैपटॉप अनुज के पास तमंचा 315 बोर एवं लैपटॉप का चार्जर एवं भास्कर के पास से लूट के सात हजार एवं अनुज के पास सात हजार नगद मिले दोनों के अनुसार लूट के शेष रुपए फरार हुए सतीश सरोज के पास हैं। वादी जयप्रकाश मिश्र ने अपना लैपटॉप डिवाइस को पहचान लिया । लूट की घटना की रिपोर्ट अज्ञात में पहले से ही दर्ज थी आज पुलिस पार्टी पर फायरिंग होने पर यस आई हरिमोहन राजपूत ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग की एक और एफ आई आर तीनों अभियुक्तों के खिलाफ दर्ज कराई है।

## उडाई बाइक, मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात चोरों ने स्कूल के सामने से पीड़ित की बाइक चुरा लिया। कोतवाली के तकिया ढ़िगवस निवासी रईस अली पुत्र अब्दुल सईद ने दी गई तहरीर मे कहा है कि चैबीस मार्च को वह हलई का पुरवा स्थित मंहगूराम इण्टर कालेज बाइक से गया था। वहां अज्ञात चोरों ने स्कूल के पास खड़ी उसकी बाइक उडा ली।

## उपविजेता रेलवे क्रिकेट टीम का हुआ सम्मान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन शाखा प्रतापगढ़ की कार्यकारिणी बैठक यूनियन कार्यलय पर हुयीद्य जिसमे लखनऊ मे हुए टी०एन०वाजपेयी मेमोरियल क्रिकेट टूनामेंट मे उपविजेता रही।

प्रतापगढ़ टीम के खिलाडियो को सम्मानित किया गयाद्य इस दौरान शाखा मंत्री अनिल शुक्ल ने कहा कि खिलाड़ियों ने लखनऊ मे पहली बार हुए क्रिकेट टूनामेंट मे फाइनल तक का सफर तय किया और उपविजेता रहे, खिलाडियो ने जिले का नाम रोशन किया। भविष्य में ऐसे खिलाड़ियो को तैयार किया जाएगा जो मंडल व देश स्तर पर जिले का नाम रोशन करने का काम करेंगे। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष मो० शफीक, बबिता पांडेय, विनय मिश्र,धीरेंद्र कुमार, हसनैन अंसारी, संजय यादव, रोशनी, मनीष पांडेय, विनोद तिवारी, धीरज सिंह, डी.के. शर्मा, अजय यादव, मोहित यादव, विकास कुमार, मो० अनीस, सलामत उल्ला, के.एन.मिश्रा, मो० रईस, अंजू पाल, राजकिशोर, आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



उपविजेता रेलवे क्रिकेट टीम के सदस्यगण।

## जान से मारने की नीयत से रेकी कर रहे युवक को पकड़ा, थाने में दी तहरीर

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र के पूरे बेनीराम गांव के रहने वाले प्रवीण कुमार मिश्रा पुत्र ओम प्रकाश मिश्रा राजनीतिक गतिविधियों में संलिप्त रहते हैं । वह अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। कंधई थाने में तहरीर देकर उन्होंने बताया कि शुक्रवार की रात 11 बजे उनके घर के समीप तीन संदिग्ध लोग बाइक से आ गए और जान से मारने की नियत से रेकी करने लगे । इस बात की भनक जब प्रवीण को लगी तो उसने तुरंत घेराबंदी करके दो लोगों को पकड़ लिया। पकड़े गए लोगों मैं एक भागने में सफल रहा। पीड़ित का कहना कि वह लोग जान से मारने आए थे। उसने मामले की तहरीर पुलिस को दी है।

## एटीएम से धोखाधड़ी कर पैसा निकालने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में जनपद में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं अपराध/अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के क्रम में थाना मांधाता पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के बहरिया मोड़ के पास से दो व्यक्तियों को छह अदद एटीएम कार्ड विभिन्न बैंक के, दो अदद स्वीप रीडर मशीन व एक अदद मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों में दीपक सरोज पुत्र सुरेश सरोज निवासी लाखापुर थाना मांधाता व अरूण कुमार सरोज पुत्र रामकिशोर सरोज निवासी बहरिया थाना मांधाता शामिल रहे। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि हम लोग भिन्न-भिन्न बैंक व एटीएम के पास घूमते रहते हैं, और सीधे-साधे व्यक्तियों को देखकर धोखे से उनका एटीएम कार्ड, अपने विभिन्न एटीएम कार्डों से बदल लेते हैं। स्वीप रीडर मशीन की सहायता से कार्ड स्वीप कर लेते हैं तथा चोरी से उसका पिन कोड देखकर याद कर लेते हैं और बाद में उनसे पैसे निकाल लेते हैं। पुलिस टीम में उ0नि0 अनुज यादव, उ0नि0 शंहशाह खां, उ0नि0 राकेश चैरसिया, कां0 मुकेश यादव व कां0 सौरभ शर्मा, थाना मांधाता शामिल रहे।

## सागर हत्याकाण्ड का एक और अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** थाना क्षेत्र कंधई के ग्राम मौलानी में कोचिंग सेन्टर में पढ़ने गये एक छात्र की नौ मार्च को चाकू मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस संबंध में वादी की तहरीर पर थाना कंधई में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

उक्त अभियोग की विवेचना/कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कंधई सत्येन्द्र सिंह मय हमराह द्वारा 12 मार्च को उक्त अभियोग में वांछित एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया गया था। इसी क्रम में शनिवार को प्रभारी निरीक्षक कंधई सत्येन्द्र सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर उक्त अभियोग में प्रकाश में आए/वांछित अभियुक्त अजय कुमार रावत को थाना क्षेत्र मांधाता के जगदीशगढ़ चैराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

## शिक्षिका का बैग गिरा

**प्रतापगढ़।** कादीपुर प्राथमिक विद्यालय की हेडमास्टर शबनम परबीन का बैग शनिवार को स्कूटी से बीआरसी सुखपालनगर जाते समय रास्ते में कहीं गिर गया। बैग में मोबाइल और सरकारी दस्तावेज थे। उन्होंने कोतवाली में इसकी तहरीर दी है।

## खबर संक्षेप

### गांजा के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राम किंकर मिश्रा उर्फ वजीर बादशाह पुत्र राम मनोहर मिश्रा निवासी उमरावा थाना महेवाघाट को 600 ग्राम अवैध गाजा के साथ गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त ज्ञानचन्द्र पुत्र रामनरेश निवासी फकीर बक्श का पुरवा थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना चरवा पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त बबलू सिंह पुत्र शिव प्रसाद निवासी चक बाहशाहपुर थाना चरवा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# घर के भीतर सो रही महिला की गला काटकर हत्या

**घटनास्थल पर मिला नाजायज तमंचा चारों ओर बिखरा था खून**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी चम्पहा बाजार अन्तर्गत अमीना ग्राम में रात्रि के करीब एक महिला की गला रेत कर हत्या कर दी गई है जिस कमरे में महिला की हत्या हुई है उसके बगल के कमरे में 4 बच्चे सो रहे थे उन्हें घटना की जानकारी सुबह मिली है खून से लथपथ लाश देखकर बच्चों ने हो-हल्ला मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और मामले की सूचना पुलिस को दी है मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटनास्थल से एक नाजायज तमंचा भी बरामद हुआ है और मृतक महिला के कपड़े अस्त-व्यस्त थे पीछे का दरवाजा बाहर से बंद था जिससे आशंका जताई जाती है कि महिला की हत्या करने वाले पीछे के दरवाजे से भाग गए हैं और दरवाजा बाहर से बंद कर लिया है घटना की जानकारी मिलते ही महिला का पति इलाहाबाद से घटनास्थल पर पहुंचा है और मामले में पुलिस को तहरीर दी है।


महिला की हत्या के बाद घटनास्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़

घटनाक्रम के मुताबिक शशि देवी पत्नी जयचंद सिंह अमीना अपने बच्चों के साथ अमीना गांव के घर मे रहती है महिला का पति जय चंद्र सिंह इलाहाबाद में रहता है बताया जाता है कि महिला और उसके पति के बीच अक्सर खटपट होती है आधी रात को महिला के फोन पर उसके पति का फोन भी आया था घर के भीतर बच्चों के साथ सो रही महिला शशि देवी का बीती रात्रि में धारदार हथियार से गला काट कर हत्या कर दी गई जिस कमरे में महिला की आधी रात को गला काट कर हत्या कर दी गई उसके बगल के दूसरे कमरे में चार बच्चे सो रहे थे हत्या के बाद पूरी रात बच्चों की घटना की जानकारी नहीं मिल सकी सुबह जब बच्चे उठे तो खून से लथपथ मां की लाश देखकर रोने चिल्लाने लगे बच्चों के हल्ला मचाने पर आसपास के तमाम लोग घटनास्थल पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से नाजायज तमंचा बरामद किया है महिला के कपड़े अस्त-व्यस्त थे पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बताया जाता है कि पड़ोसी लोगों से किसी मामले को लेकर पूर्व में मामूली विवाद हुआ था जिससे पड़ोसी लोगों पर हत्या किए जाने की आशंका पति ने जाहिर किया है आशंका के आधार पर कुछ लोगों को पुलिस ने पूछताछ के लिए पकड़ लिया है जिनसे पुलिस कड़ाई से पूछताछ कर रही है। मृतक महिला शशि देवी का पति जयचंद सिंह प्रयागराज में अधिवक्ता की गाड़ी चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था पति जयचंद सिंह का कहना है कि रात्रि को अपनी औरत शशि से बात चीत करके हालचाल लिया था तब उस समय कोई ऐसी घटना नहीं थी इसके बाद ही घटना हुई है पति जयचंद सिंह से पूछने के बाद बताया कि मेरी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है और बगल के ही लोग से एक हफ्ता पहले मेरे बच्चों से मामूली विवाद हुआ था लेकिन मैं यह नहीं कहता कि इन्हीं लोगों का काम है पुलिस इस मामले की छानबीन कर कार्यवाही कर रही है अब सवाल उठता है कि योगीराज में महिला अपने घर के भीतर सुरक्षित नहीं है बेरहमी से कत्ल कर दिया गया है तो घर के बाहर अपराध मुक्त क्या समझा जाए कि महिला सुरक्षित है। मौके पर पहुंचे लोगों ने बताया कि घटनास्थल पर घर के अंदर गद्दा खून से लथपथ पड़ा था महिला के बगल के कमरे में सो रहे बच्चों ने कहा कि हमें किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं मिली है ना शोरगुल की आवाज आई और ना ही किसी प्रकार की कोई चीख-पुकार मिली हम सोते ही रह गए सुबह जब हम उठे तो देखा कि मेरी मां के गर्दन से खून बह रहा था तब बाहर निकल कर शोरगुल मचाए तो पड़ोस के लोग टूट पड़े और थाना पश्चिम सरीरा को तत्काल अवगत कराया सूचना पाकर तत्काल मौके पर सुरक्षा बल पहुंच गया और लाश को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## पति के मोबाइल का लोकेशन खोल सकता है राज!

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में शशि देवी की हत्या के बाद उसके पति ने अज्ञात लोगों के नाम पुलिस को तहरीर दी है पुलिस इस हत्याकांड में संदिग्धता के आधार पर पड़ोस के लोगों को पकड़ लिया है लेकिन हत्याकांड के किसी नतीजे पर पुलिस नहीं पहुंच सकी हैं आधी रात को महिला के पति ने फोन किया था पति का मोबाइल फोन का लोकेशन हत्याकांड के खुलासे में मदद कर सकता है।

# अन्तर्जनपदीय चोरी नकबजनी छिनैती लूट के पांच अपराधी गिरफ्तार

**अभियुक्त गणो के कब्जे से अवैध शस्त्र कारतूस एक अदद मोटरसाइकिल व रुपये बरामद**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना पुलिस ने चोरी लूट नकबजनी के 5 आरोपियों को अवैध तमंचा कारतूस बाइक और नगद रुपए के साथ गिरफ्तार किया है पकड़े गए आरोपियों की जानकारी पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता के दौरान दी है। पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के विभिन्न थानों पर हुई चोरी नकबजनी लूट जैसी घटनाओं के सफल अनावरण व अपराधियों को पकड़ने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत क्षेत्राधिकारी चायल के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सरायअकिल अनुपम शर्मा मय फोर्स एवं एसओजी द्वारा क्षेत्र भ्रमण व तलाश वाछित अपराधी के दौरान मुखबिर की सूचना पर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है कोटिया पवार हाउस के पास सड़क किनारे पांच आरोपी बैठे थे सड़क किनारे बैठे व्यक्तियों को टार्च की रोशनी से इशारा कर पुलिस द्वारा बैठने का कारण पूछने हेतु बुलाया गया तो टार्च की रोशनी एवं पुलिस को देखकर सभी लोगों द्वारा भागने का प्रयास किया गया पुलिस द्वारा आवश्यक बल प्रयोग करके पांच अभियुक्तों महेन्द्र केसरवानी पुत्र रामकृपाल निवासी भावापुर कालीमाता मंदिर के पास थाना करैली प्रयागराज मो० शाहनवाज उर्फ सानू उर्फ शंकर पुत्र मो० गुलाब निवासी 145ए अकबरपुर थाना करैली प्रयागराज मो० हसन पुत्र मो० सरफराज निवासी 251 अकबरपुर थाना करैली प्रयागराज समीर पुत्र मो० यूसुफ निवासी बी ब्लाक करैली थाना करैली प्रयागराज तथा एडवशाम अंसारी पुत्र रईस निवासी गुनौवर दास बगिया अकबरपुर थाना करैली प्रयागराज को मौक से पकड़ा गिरफ्तारी के पश्चात जमा तलाशी से अभियुक्तगणों के पास से अवैध शस्त्र कारतूस एवं एक अदद मोटर साइकिल व रुपये बरामद हुए तथा पूछताछ से अभियुक्त गणो द्वारा भिन्न भिन्न जगहों पर की गयी लूट छिनैती व नकबजनी की वारदातों के बारे में खुलासा किया तथा अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर फर्द तैयार कर नियमानुसार कर्यवाही करते हुए अभियुक्त गणों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है पूर्व में चोरी लूट व छिनैती करने का आरोप गिरोह के पांच सदस्यों पर है।



लूट कांड का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक

# बाइक एजेंसी में चोरी की घटना का 18 दिन बाद नहीं हुआ खुलासा

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे में टीवीएस बाइक की बाबा एजेंसी की गोदाम मेहता कॉलेज के सामने है बाबा टीवीएस बाइक की गोदाम से 8 मार्च को दरवाजा तोड़कर गोदाम से दो मोटरसाइकिल ई-रिक्शा की 4 बैटरी चार्जर मोटर कंट्रोलर के साथ लोहे का फरमा सहित तमाम अन्य सामान चोर उठा ले गए थे एजेंसी मालिक अमित केसरवानी का कहना है कि लगभग 5 लाख रुपए कीमत का सामान चोर उठा ले गए हैं मामले में पहले पुलिस ने मुकदमा ही नहीं दर्ज किया काफी प्रयास के बाद पुलिस ने घटना का मुकदमा तो दर्ज कर लिया है लेकिन घटना को 18 दिन बीत जाने के बाद भी चोरी की घटना का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है।

### छात्र को मारपीट कर छीन लिया मोबाइल

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के खोरा मोड पुलिया के पास छात्र अक्षय कुमार पुत्र घनश्याम निवासी मडुकी को मारपीट कर उसका एंड्राइड मोबाइल आरोपियों ने छीन लिया है छात्र के भाई का आरोप है कि आरोपियों ने साइकिल भी तोड़ दी है 25 मार्च की शाम छात्र कंप्यूटर से मडुकी घर जा रहा था खोरा मोड़ पुलिया के पास घटना को अंजाम दिया गया है बताया जाता है कि वारदात को सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी भाग गए हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

## न्यूज झरोखा

### भवन्स मेहता विद्याश्रम में बच्चों की विदाई समारोह में रंगारंग कार्यक्रमों की धूम




**भरवारी कौशाम्बी।** भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी स्कूल में कक्षा 12 के बच्चों की विदाई पार्टी का आयोजन किया गया।जिसमें कक्षा 11 के छात्रों ने कक्षा 12 के छात्रों को सांस्कृतिक कार्यक्रमो के साथ विदाई दी।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव नें दीप प्रज्वलित करके किया। प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में छात्रों को निरंतर आगे बढ़ने की सलाह देते हुए भविष्य में और भी बेहतर करने की शुभकामनाएं देते सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम के दौरान विदाई में अनेक गेम प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।छात्रों ने ग्रुप डांस करके सभी का मन मोह लिया।आज के कार्यक्रम में दीपक पाल को मिस्टर बीएमवी तथा शिखा पांडेय को मिस बीएमवी चुना गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कक्षा 11 के छात्रों का सहयोग रहा।इस अवसर पर स्कूल के समस्त अध्यापक व अध्यापिकाएं मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन गरिमा सिंह और अन्जली भारती ने किया बिदाई समारोह के अवसर पर सुधाकर सिंह, अनिल मिश्रा, अवधेश मिश्रा, रामसनेही श्रीवास्तव, सुशील श्रीवास्तव आर0के0सिंह, नागेन्द्र,शिवम केसवार्नी, रश्मी, रजनी, पूनम साहिबा दीपाली, सीता, खुशबू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### चोरी की सोलर बैटरी के साथ तीन गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्तों अकरम पुत्र जब्बार व मो0 हाशिम पुत्र मो० चांद बाबू मो० आलम पुत्र मो० तारिक निवासीगण नयानगर प्रथम कस्बा मंझनपुर थाना मंझनपुर को 03 अदद चोरी की सोलर बैटरी को ले जाते हुये नयानगर से गिरफ्तार कर जामातलासी के दौरान अभियुक्तों के कब्जे से 500 रुपए बरामद कर गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद मे लाकडाउन के दृष्टिगत सरकार द्वारा निर्गत निदेर्शों के अनुपालन के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जनपद स्तर पर विभिन्न थानों द्वारा अनावश्यक रूप से बाहर घूमने मास्क न लगाने एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया, जिनमें 122 वाहनों का ई चालान किया गया एवं 02 वाहनों का चालान कर 1000 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

### सड़क हादसे में बाल-बाल बचे डिप्टी सीएम के पुत्र

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के पुत्र योगेश मौर्या का जालौन जनपद के कालपी थाना क्षेत्र में सड़क हादसा हो गया है डिप्टी सीएम केशव मौर्य के बेटे सड़क हादसे में बाल-बाल बचे है वह मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे उक्त जानकारी डिप्टी सीएम के मीडिया प्रभारी भोले शंकर ने दी है।

### धनराशि जमा न करने पर ऋण गृहिता के विरूद्ध दर्ज की जाएगी आरसी

**कौशाम्बी।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुनीता ने उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक वित्तीय एवं विकास निगम लिमिटेड लखनऊ द्वारा संचालित मार्जिन मनी, टर्मलोन ऋण, शैक्षिक ऋण योजनान्तर्गत समस्त अल्पसंख्यक (मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, पारसी एवं जैन) समुदाय के ऋण गृहता को सूचित किया है कि वे समस्त बकाया देय ऋण की धनराशि जमा करने हेतु खुले नेशनल बचत खाता बैंक ऑफ बड़ौदा, मंझनपुर, विकास भवन में 31 मार्च 2022 तक अवश्य जमा कराकर पेईन्ग स्लिप की छायाप्रति उनके कार्यालय में उपलब्ध करा दें। उन्होने बताया है कि 31 मार्च तक बकाया देय ऋण की धनराशि जमा न करने पर ऋण गृहिता के विरूद्ध आर0सी0 जारी कर भू-राजस्व अधिनियम के अन्तर्गत वसूली की जायेगी।

# डीएम ने कायाकल्प अवार्ड समारोह में प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करायें जाने के जिलाधिकारी ने दिये निर्देश**


स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित करते जिलाधिकारी


कार्यक्रम में उपस्थित स्वास्थ्य कर्मी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा संयुक्त जिला चिकित्सालय में आयोजित कायाकल्प अवार्ड समारोह में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले चिकित्सकों एवं स्टॉफ नर्स सहित अन्य कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिलाधिकारी ने कहा कि आप लोगों का कार्य बहुत पूण्य का कार्य होता है उन्होंने कहा कि आप लोग अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करायें उन्होंने कहा कि आप लोगों की शासन द्वारा स्वास्थ्य से सम्बन्धित संचालित विभिन्न योजनाओं- जननी सुरक्षा मातृत्व वंदना योजना एवं संचारी रोग नियन्त्रण अभियान आदि के क्रियान्वयन में भी महती भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को अवश्य लाभान्वित किया जाय उन्होंने कहा कि आशा एवं ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा शासकीय योजनाओं की जानकारी आम-जन तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभायी जाती है। उन्होंने कहा कि आप लोगों को उपलब्ध संसाधनों में ही बेहतर से बेहतर कार्य करने का हर सम्भव प्रयास करना चाहिये इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 केसी राय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक दीपक सेठ उपस्थित रहे।

# केशव के पुन: उप मुख्यमंत्री बनने पर खुशी का इजहार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** केशव प्रसाद मौर्य को बीजेपी नेतृत्व द्वारा पुनः उत्तर प्रदेश सरकार में डिप्टी सीएम बनने से पूरे कौशांबी में खुशियों का माहौल है पुनः लोगों में होली खेलने व बधाइयां का चारों तरफ शोर है सिराथू विधानसभा के रसूलपुर गिरसा बूथ अध्यक्ष केशव प्रसाद मौर्य और युवा नेता भूपेंद्र मौर्या के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता इकट्ठा होकर डीजे के साथ रैली निकाली जिसमें एक बार फिर गुलाल लगाकर व मिष्ठान वितरण कर केशव मौर्या के उप मुख्यमंत्री बनने पर लोगों में बधाइयां दी कार्यक्रम में डॉ. अतुल कमल चंद मिश्रा ,आशीष मौर्य ,संजीव मौर्य, अभिषेक मौर्य, मान सिंह ,धीरज मौर्य, रोहित मौर्य, चंदन मौर्य पंकज ,नीरज मौर्य, कन्हाई मौर्य ,डॉ राकेश सरोज, राहुल मौर्य ,शक्ति मौर्य ,कन्हैया मौर्या, शिवम मौर्य, सतीश मौर्य ,हरीश चंद्र मौर्य ,भूखन मौर्य ,शोषित मौर्य सहित तमाम लोग कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



केशव प्रसाद मौर्य को डिप्टी सीएम बनाए जाने पर जश्न मनाते समर्थक

### डिप्टी सीएम ने कार्यकताओं को दिया शुभकामना

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार में केशव प्रसाद मौर्य को दोबारा डिप्टी सीएम बनाए जाने पर उन्होंने कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह हमेशा कार्यकताओं के कार्यों के प्रति समर्पित रहेंगे ट्विटर के माध्यम से डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने जानकारी दी कि भाजपा के लाखों लाख देवतुल्य कार्यकताओं को शुभकामनाओं के साथ उन्होंने कहा कि भगवान की कृपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं संपूर्ण केन्द्रीय प्रदेशीय नेतृत्व ने जिस भरोसे के साथ मुझे पुनः सरकार में ज़िम्मेदारी दी है,मैं पूर्ण रूप से पार्टी कार्यकताओं और जनता की सेवा में समर्पित रहूंगा।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल

**कल्यानपुर कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के टेढ़ी मोड़ चौराहा के पास बाइक सवार को तेज गति के ट्रक ने टक्कर मार दिया है जिससे बाइक सवार गंभीर घायल हो गया है सड़क पर तड़प रहे बाइक सवार को पुलिस की मदद से आसपास के लोगों ने स्थानीय अस्पताल भेजा है जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के चौकी टेडीमोड शहजादपुर के केशवा पुर निवासी आशुतोष उम्र 20 वर्ष पुत्र देवेश बाइक से सैनी की तरफ से अपने घर केशवापुर वापस जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार टेडीमोड चौराहा के समीप पहुंचा कि पीछे से आ रही ट्रक ने जोर दार टक्कर मार दी हादसे में बाइक सवार को गंभीर चोटें आई हैं हादसा देख कर मौके पर आसपास के लोग एकत्रित हो गए मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है हादसे के बाद ट्रक सहित चालक कोखराज की तरफ भागने में सफल रहा।

# 2 अप्रैल से शुरू होगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान

**आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर घर देंगी दस्तक साफ-सफाई एवं कोविड-19 को लेकर किया जाएगा जागरूक**

**बुखार, जुकाम डेंगू, क्षय रोगी की सूची होगी तैयार संचारी रोग की रोकथाम में मदद करेंगे कई विभाग**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** संचारी रोगों पर काबू पाने के लिए जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जायेगा। यह अभियान 2 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा। अभियान को सफल बनाने में आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं की मुख्य भूमिका रहेगी। विभिन्न विभागों के सहयोग से अभियान के हर बिंदु पर विशेष कार्य संभव होगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० के.सी राय ने बताया कि 2 अप्रैल से 30 अप्रैल तक एवं दस्तक अभियान का प्रथम चरण 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा, जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर बुखार, खांसी, आई0एल0आई (इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस), टीबी, कोरोना संचारी रोगों के लक्षणों के बारे में जानकारी देते हुए इन बीमारियों के संभावित मरीजों का पता भी लगाएँगी। और इसकी सूचना स्वास्थ विभाग को देंगी। वहीं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि वह बीमार लोगों को इलाज मुहैया कराएं व नियमित रूप से अभियान की समीक्षा करें।

### निम्न विभाग करेंगे अभियान में मदद

**कौशाम्बी।** जिला मलेरिया अधिकारी अनुपमा मिश्रा ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को अभियान का नोडल बनाया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान 13 सम्बंधित विभाग आपसी सहयोग के माध्यम से दिए गये दायित्यों का निर्वहन करते हुए साफ-सफाई, कचरा निस्तारण, जल भराव रोकने तथा शुद्ध पेयजल उपलब्धता पर विशेष जोर देते हुए संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करेंगे इसमें मुख्य रूप से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास, पंचायती राज / ग्राम्य विकास, पशु पालन, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तीकरण / समाज कल्याण, कृषि एवं सिंचाई, तथा सूचना विभाग शामिल हैं इन विभागों को जिम्मेदारी दी गई है कि वह संचारी रोगों की रोकथाम में मदद करें। इस दौरान साफ-सफाई एवं कोविड-19 को लेकर मास्क और उचित दूरी बनाए रखने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शासन की ओर से दिशा निर्देश प्राप्त हो चुके हैं जिसके तहत कार्य योजना बने जा रही जिसमे जनपद से लेकर ब्लाक तक के प्रशिक्षको का प्रशिक्षण, टास्क फोर्स की बैठक, अन्तर्विभागीय बैठक, संवेदीकरण एवं माइक्रोप्लान पर कार्य किया जायेगा उन्होंने बताया कि विगत वर्ष में सभी विभागों द्वारा मिलकर अभियान को सफल बनाने में कई कार्यक्रम जैसे शिक्षा विभाग ने स्कूल रैली, एस.एम्.सी बैठक, पंचायती राज विभाग ने शौचालय निर्माण ग्राम प्रधान द्वारा प्रभात फेरी, ग्राम बैठक, नालियों की सफाई, नगर निगम द्वारा फोंगिंग आई.सी.डी.एस विभाग द्वारा कुपोषित बच्चो को एन.आर.सी को संदर्भित करना पशुपालन विभाग द्वारा सूकर पलकों का संवेदीकरण एवं कृषि विभाग द्वारा चूहों हेतु सवेदिकरण बैठकों का आयोजन किया गया।

संपादकीय

## रक्त-रंजिश परंपरा से कब मुक्त होगा पश्चिम बंगाल

**पश्चिम** बंगाल के बीरभूम जिले के बगटूई गांव में शोक और सन्नाटे का आलम चारों ओर पसरा है। आग से जली लाशें इस प्रकार फैली पड़ी है मानो किसी फिल्म में किसी अनचाही दुर्घटना का सीन देख रहे हों। तृणमूल कांग्रेस के एक नेता की हत्या के बाद पश्चिम बंगाल के इस क्षेत्र में जो गुंडागर्दी की गई, उसी के परिणामस्वरूप आगजनी की घटना में गांव के दो बच्चों और तीन महिलाओं सहित आठ लोगों की मौत हो गई जिसके बाद से गांव में सियासी हलचल तेज हो गई है। बुधवार को सीपीएम और बीजेपी के प्रतिनिधि बोगटुई गांव पहुंचे थे, अतः निंदा तो निश्चित रूप से होनी ही थी। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मामले की जांच सीबीआई और एनआईए से कराने की मांग की है। फिलहाल गांव में डर का माहौल है। बड़ी तादाद में पुलिस और रैपिड ऐक्शन फोर्स के जवानों को तैनात किया गया है। खूनी जल्लाद अपनी आकाओं की शरण में सुरक्षित दुबके हुए हैं। 8 लोगों की हत्या के इस मामले के बाद एक बार फिर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्यपाल जगदीप धनखड़ आमने-सामने आ गए हैं। धनखड़ इसे लोकतंत्र और इंसानियत के लिए शर्मसार कर देने वाली घटना बता रहे हैं। राज्यपाल के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से एक वीडियो पोस्ट किया गया है जिसमें वो राज्य की ममता बनर्जी सरकार पर भड़कते भी नजर आ रहे हैं। वहीं ममता बनर्जी ने राज्यपाल धनखड़ को मामले पर 'अनुचित बयान' देने से परहेज करने के लिए कहा है। यानि तुम जुल्म करते जाओ और हम चूँ भी न करें। घटना का दुखद पहलु यह भी है कि पश्चिम बंगाल में बीरभूम में हिंसा के मामले में फॉरेंसिक रिपोर्ट में चौंकाने वाला दावा किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मृतकों को जिंदा जलाने से पहले बुरी तरह से पीटा गया था अर्थात मृतकों को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया गया तत्पश्चात सबूत नष्ट करने के लिए एवं अन्य लोगों में दहशत का माहौल बनाने के लिए उन वहशी-दरिंदो ने उन असहायों को मकान में बंद कर जिंदा जला डाला। राज्यपाल धनखड़ ने इस घटना को "भयानक हिंसा और आगजनी का तांडव" बताया और कहा कि उन्होंने राज्य के मुख्य सचिव से इस घटना पर तत्काल अपडेट मांगा है। राज्यपाल धनखड़ ने कहा कि राज्य को हिंसा और अराजकता की संस्कृति का पर्याय नहीं बनने दिया जा सकता। अपने बयान में राज्यपाल ने राज्य सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रशासन को "पक्षपातपूर्ण हितों से ऊपर उठने की जरूरत है और यह होता नहीं दिख रहा है।" इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने भी इस मामले में कोलकाता के विक्टोरिया मेमोरियल हॉल में वर्चुअल माध्यम से एक गैलरी का उद्घाटन करते वक्त बीरभूम में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा, "सबसे पहले मैं पश्चिम बंगाल के बीरभूम में हुई हिंसक वारदात पर दुख व्यक्त करता हूँ, अपनी संवेदना व्यक्त करता हूँ। मैं आशा करता हूं कि राज्य सरकार बंगाल की महान धरती पर ऐसा जघन्य पाप करने वालों को अवश्य ही सजा दिलाएगी।" प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल को महान धरती कह कर संबोधित किया है क्योंकि पश्चिम बंगाल को पश्चिम देशों के लोग भारत का व्यापार द्वार मानते थे। अंग्रेजी हुकुमत भी इसी दिशा से व्यापारी के भेष में भारत में घुसी थी और अंग्रेजी हुकुमत को भगाने के लिए क्रांति की ज्वाला भी यहीं से उठी थी।

# उम्मीद है यूपी में अनवरत चलता रहेगा योगी का विकास रथ

दीपक कुमार त्यागी

**पिछली बार योगी आदित्यनाथ एक चयनित मुख्यमंत्री थे जिसकी वजह से कहीं ना कहीं किसी स्तर पर कार्य में हस्तक्षेप होने की संभावना अवश्य रहती थी, जिसके चलते वह अपनी कार्यशैली के अनुरूप पूर्ण स्वतंत्रता से कार्य नहीं कर पाये थे, लेकिन इस बार योगी आदित्यनाथ जनता के दम पर एक चुनें हुए मुख्यमंत्री हैं तो अबकी बार हस्तक्षेप की संभावना बिल्कुल भी नहीं है और मुख्यमंत्री योगी का रथ उत्तर प्रदेश में विकास के नित-नये पथ तैयार करने का कार्य अवश्य करेगा। लोगों को उम्मीद है कि देश-प्रदेश के नव निर्माण के लिए अनवरत यूं ही तेजी से चलता रहे योगी सरकार का विकास रथ, आम जनमानस को उम्मीद है कि इस बार का योगीराज राज्य व देश के लिए बेमिसाल साबित होगा। मैं भी जन अदालत में "बुलडोजर बाबा" के नये नाम से मशहूर हो चुके योगी आदित्यनाथ को उत्तर प्रदेश का पुनः मुख्यमंत्री बनने पर बहुत - बहुत हार्दिक बधाई**

**उत्तर** प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के पुनः मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही राज्य में एकबार फिर से योगी सरकार का गठन 25 मार्च 2022 की सांय को हो चुका है, इस बार उनके मंत्रीमंडल में 52 लोग शामिल हैं, जिसमें 2 उप मुख्यमंत्री, 16 कैबिनेट मंत्री, 14 राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार व 20 राज्यमंत्री शामिल हैं। देश में राजनीति की सबसे बड़ी प्रयोगशाला माने जाने वाले और देश के नव निर्माण में अपना अहम स्थान रखने वाले राज्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ के द्वारा एकबार फिर से शपथ लेने के साथ ही 37 वर्ष के लंबे अंतराल के बाद राज्य में लगातार दोबारा मुख्यमंत्री बनने का रिकॉर्ड योगी आदित्यनाथ ने अपने नाम पर अब कायम कर लिया है। किसान आंदोलन व चुनावी वर्ष होने के चलते पिछले एक वर्ष राज्य में जबरदस्त राजनीतिक उठापटक का लंबा दौर चलने के बाद, अब देशवासियों व उत्तर प्रदेश के लोगों को योगी आदित्यनाथ के दूसरे कार्यकाल से बहुत ज्यादा उम्मीदें हैं। एक तरफ तो उत्तर प्रदेश के लोग राज्य को देश में विकास की अग्रणी पंक्ति पर स्थापित होता देखना चाहते हैं, वहीं दूसरी तरफ सभी देशभक्त देशवासी भी जल्द से जल्द देश की अर्थव्यवस्था को 'फाईव ट्रिलियन इकनॉमी' की बनते हुए देखना चाहते हैं, लेकिन देशवासी यह भी अच्छे से जानते हैं कि इस सपने को पूरा करने का रास्ता उत्तर प्रदेश की संकरी गलियों से होकर गुजरता है, इस राज्य में जितनी तेजी से विकास होगा उतनी ही तेजी के साथ देश की अर्थव्यवस्था के 'फाईव ट्रिलियन इकनॉमी' बनने का सपना भी धरातल पर साकार होगा। वैसे तो उत्तर प्रदेश देश में एक बहुत बड़े क्षेत्रीय विस्तार वाला राज्य है, लेकिन इसमें विभिन्न जाति-धर्म को मानने वाले लोगों की अमीर व गरीब जनता का बेहद सघन जनघनत्व निवास करता है, जिनको समय से रोटी, कपड़ा, मकान, रोजगार, शिक्षा व चिकित्सा उपलब्ध करवाना किसी भी सरकार के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है, जिसको पूरा करने के लिए सरकार में बैठे लोगों के बेहतरीन विजन व राजकोष में अथाह धन की आवश्यकता होती है। आज योगी राज में लंबे समय के बाद राज्य में औधोगिक विकास



एकबार फिर से तेजी से गति पकड़ने लगा है, योगी सरकार के प्रथम कार्यकाल में राज्य 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' की राष्ट्रीय रैंकिंग में 12 पायदान ऊपर उठकर नंबर दो पर आ चुका है, जो कि उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास की रफ्तार के दृष्टिकोण से बेहद सकारात्मक है, भयावह कोरोना महामारी के प्रकोप के बाद जिसको बरकरार रखना अब योगी राज के दूसरे कार्यकाल के लिए एक बड़ी चुनौती होगा। राज्य के शासन व प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगना योगी आदित्यनाथ के सामने एक बड़ी चुनौती है। इस बार उत्तर प्रदेश में योगी के नाम पर लोगों ने भाजपा को पुनः बहुमत इस आशा में दिया था कि राज्य में वह पूर्ण रूप से सुरक्षित रह सकें, इसके लिए राज्य को अपराध मुक्त व जाति और धर्म के नाम पर होने वाली हिंसा से मुक्त रखने की आम जनमानस की उम्मीदों पर योगी आदित्यनाथ को खरा उतरना होगा। उत्तर प्रदेश देश का एक कृषि प्रधान राज्य है जिसके सर्वांगीण विकास के लिए किसानों की आय को तेजी से बढ़ाना आवश्यक है, जिस पर कार्य करने की चुनौती योगी सरकार के सामने खड़ी है, सरकार को कृषि लागत को कम करते हुए किसानों की उपज को बढ़ाने के लिए कार्य करना होगा, किसानों को उपज का एमएसपी से अधिक मूल्य जहां पर मिलता हो वहां पर अपना माल बेचने के लिए अवसर व संसाधन उपलब्ध करवाने होंगे, राज्य में कृषि भूमि की सुलभता से समय पर सिंचाई के लिए नयी-नयी योजनाओं को बनाना होगा, दशकों से लंबित पड़ी परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करना होगा, कृषि उपयोग की बिजली की दर को कम करना होगा। गन्ना किसानों की आय को बढ़ावा देने के लिए बन्द चीनी मिलों को चलाने का कार्य करना होगा, गन्ना किसानों के बकाया मूल्य का भुगतान जल्द से जल्द करवाना होगा और भविष्य में तय समय पर गन्ना मूल्य के भुगतान की कारगर नीति को धरातल पर अमलीजामा पहनाना होगा। प्रदेश की सभी फल-सब्जी एवं अनाज मंडियों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करते हुए उनको राष्ट्रीय स्तर पर एक ई तकनीकी के प्लेटफॉर्म से जोड़ने की योजना पर तेजी से कार्य करना होगा, किसान फसल बीमा योजना के माध्यम से समय पर किसानों के पूरे नुकसान की जल्द भरपाई हो यह सरकार को सुनिश्चित करना होगा, कृषक दुर्घटना बीमा योजना के माध्यम से बटाईदार व किसानों के परिजन जल्द लाभान्वित हो यह धरातल पर सुनिश्चित करना होगा। कोरोना जैसी भयावह महामारी के प्रकोप को झेल चुकी जनता को भविष्य में स्वस्थ रखने के लिए तहसील स्तर पर हैल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास तेजी से करना होगा, प्रदेश में छात्रों को प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक गुणवत्ता पूर्ण सरकारी शिक्षा मिल सकें उसके लिए कार्य करना होगा, युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ाना होगा, राज्य में बढ़ते जल वायु व भूमि के प्रदूषण को कम करना होगा। उत्तर प्रदेश राज्य के नव निर्माण के लिए मेट्रो, रेपिड रेल, सड़क, फ्लाईओवर, पार्क, बिजली, पानी, सफाई आदि के अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर व औधोगिक इकाईयों को निर्वाध कार्य करने का माहौल तैयार करना होगा। 21वीं सदी के अनुरूप विश्वस्तरीय जीवन शैली के लिए प्रदेशवासियों के जीवन यापन को सरल बनाने के लिए 'ईज ऑफ लिविंग' की विस्तृत पॉलसी बनाकर उस पर कार्य करना होगा। वैसे इस बार लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बहुत ज्यादा उम्मीदें हैं। ना जाने क्यों बहुत सारे लोगों को लगता है कि पिछली बार योगी आदित्यनाथ एक चयनित मुख्यमंत्री थे जिसकी वजह से कहीं ना कहीं किसी स्तर पर कार्य में हस्तक्षेप होने की संभावना अवश्य रहती थी, जिसके चलते वह अपनी कार्यशैली के अनुरूप पूर्ण स्वतंत्रता से कार्य नहीं कर पाये थे, लेकिन इस बार योगी आदित्यनाथ जनता के दम पर एक चुनें हुए मुख्यमंत्री हैं तो अबकी बार हस्तक्षेप की संभावना बिल्कुल भी नहीं है और मुख्यमंत्री योगी का रथ उत्तर प्रदेश में विकास के नित-नये पथ तैयार करने का कार्य अवश्य करेगा। लोगों को उम्मीद है कि देश-प्रदेश के नव निर्माण के लिए अनवरत यूं ही तेजी से चलता रहे योगी सरकार का विकास रथ, आम जनमानस को उम्मीद है कि इस बार का योगीराज राज्य व देश के लिए बेमिसाल साबित होगा। मैं भी जन अदालत में "बुलडोजर बाबा" के नये नाम से मशहूर हो चुके योगी आदित्यनाथ को उत्तर प्रदेश का पुनः मुख्यमंत्री बनने पर बहुत - बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं और उत्तर प्रदेश का आम नागरिक होने के चलते उम्मीद करता हूं कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश देश-दुनिया में विकास के नित-नये आयाम स्थापित करेगा ।।

## अथ श्री समौसा कथा...!

सुशील महला

**गेस्ट का टेस्ट हूँ, मैं सदा बेस्ट हूँ। चाय,पकौड़े, चिप्स, कुरकुरे, भुजिया और बिस्किट, मेरे नाम पर नहीं कोई किटकिट, मैं हूँ सबके फिट फिट, मैं हूँ हिट हिट। लेखक जी भी हमारे फैन हैं, हमारे चटखारे में मिलता उन्हें चैन है**

**आज** हम बोल रहे हैं, राज सारा खोल रहे हैं। मैं हूँ राष्ट्रीय स्नैक्स में शामिल ! मैं ही हूँ काबिल। किसी ने न मुझे कौसा, मैं समौसा हूँ ! चटख चटख चटख लो, जब आप सब जगह भटक लो।हमें आप गटक लो, फिर आप थोड़ा मटक लो। स्वागत हमारा कीजिए, अजी ! आप भी तो एकाध समौसा लीजिए। जल्दी कीजिए, मत आप खीजिए। खाकर हमें पानी सानी,चाय-साय भी पीजिए, औरों को जरा जका दीजिए। स्वागत नहीं करेंगे हमारा ? भूख को हमने हैं संवारा। भूख का, हम बिन न लगेगा किनारा। अजी ! मैं हूँ खाने में लोगों का अटूट भरोसा। मैं हूँ समौसा, नहीं इडली डोसा। मैं हूँ चोखा, नहीं करता मैं धोखा। खाये मुझे हर कोई बोखा(बिना दांत वाला), होता नहीं ओखा(परेशान)।कौन है ? किसने है आपको रोका ? किसने आपको टोका ? हमें खाकर पीजिए चाहे आप होका(हुक्का)। चाहे आए फिर नींद का खतरनाक झौंका। समोसा खाने खिलाने का मिलता कहाँ है मौका ? किसने है आपको टोका ?आप भी खाएं, दूसरों को खिलाएं और लगाएं चौके पर चौका। अजी मैं हूँ स्वाद का छौंका। अब आप चाहे तो मुझे स्नैक्स में शामिल कर लीजिए अथवा हमें स्ट्रीट फूड समझ लीजिए, क्या फर्क पड़ता है। यदि आप इन दोनों( स्नैक्स, स्ट्रीट फूड) में भी हमें शामिल नहीं करना चाहते हैं तो कोई बात नहीं, हमें आघात नहीं। आप हमें ब्रेकफास्ट, लंच, डिनर अथवा ब्रंच में भी शामिल कर सकते हैं। वो हमारे खासमखास तोताराम जी हैं न, बहुत बार समौसा टिका(खा) रहे होते हैं, अपने पेट और मन को बहला रहे होते हैं। लेकिन फोन पर जब ये किसी को ये बात कहते हैं कि वे लंच या डिनर कर रहे हैं, तो मां कसम हमें (हम समौसों को) बहुत प्राउड फील होता है।

हमें ऐसा सुनकर "फीलगुड" होता है और हम समौसे फूल फूल कर कुप्पा(मोटे ताजे) हो जाते हैं। वैसे कुप्पा घी,तैल रखने के लिए चमड़े का बना हुआ एक गोल घड़े के आकार का या चौकोर बड़ा पात्र होता है। लेकिन हम न गोल हैं और न ही चौकोर, हम हैं तिकोने, सब हैं हमारे सामने बौने, चलते न हमारे सामने कोई जादू टोने। मैं हूँ तला, लेकिन करता लोगों का भला, इसलिए देश-दुनिया में फला। करता नहीं हल्ला, जादू मेरा चल्ला(चला)। मैं बेक(पका) हूँ, नहीं फेक हूँ। मैं अल्पाहार व्यंजन, खाए मुझे बूढ़ा,बच्चा,औरत जन-जन। आलू,मटर, प्याज,मूंगफली, पनीर, हरी मिर्च से भरा हूँ, व्यंजन मैं तो देश-दुनिया में खरा हूँ। मैं हूँ खस्ता, मैं हूँ सस्ता, मैं सबके जंचता, नहीं कहीं फंसता। स्नैक्स में बेस्ट हूँ, मैं असली टेस्ट हूँ। लाल हरी चटनी मेरी भायली(दोस्त),दुनिया मुझे खायली(खाती है)। चाय की थड़ी पर मैं रहता खड़ा, अमीर हो या गरीब हो या मध्यम वर्ग का, नहीं मेरे समक्ष कोई छोटा,बड़ा। बस हो या रेल हो, चुनावों की रेलमपेल हो, दफ्तर हो,घर हो मुझे सभी चरते(खाते), पेट फटाफट अपना भरते। फुटपाथ हो,ठेला हो, कैंटीन हो या फाइव स्टार, सभी रखते मुझे संवार। अखबार में लिपट जाता,हाथ में सिमट जाता, स्नैक्स का सम्राट हूँ, मैं गली-गली,मोहल्ले मोहल्ले, कूंचे कूंचे, खाने का "भाट" हूँ। मैं ही असली ठाठ-बाठ हूँ। मैं हूँ प्राण-रक्षक,सभी मेरे भक्षक। स्कूल कॉलेज कैंटीन में, ढ़ाबा हो या फैक्ट्री, सभी जगह खाने में मेरी ही विकट्री। मेहमाननवाजी भी मैं करता, मेरे बिन न सरता(काम नहीं चलता)। गेस्ट का टेस्ट हूँ, मैं सदा बेस्ट हूँ। चाय,पकौड़े, चिप्स, कुरकुरे, भुजिया और बिस्किट, मेरे नाम पर नहीं कोई किटकिट, मैं हूँ सबके फिट फिट, मैं हूँ हिट हिट। लेखक जी भी हमारे फैन हैं, हमारे चटखारे में मिलता उन्हें चैन है। जब तक लेखक जी समोसे के खाते रहेंगे आलू, लेखन का धंधा रहेगा चालू। अथ श्री समौसा कथा समाप्तम्। जय राम जी की।

अभिव्यक्ति

## इमरान खान पाकिस्तानी आवाम की बर्दाश्त से बाहर

संजीव ठाकुर

**1947** में स्वतंत्रता के बाद से ही पाकिस्तान की सरकार और उनके चुने हुए हुक्मरान लड़खड़ाते हुए शासन तंत्र चलाते रहे थे। यही हाल इमरान खान का हो रहा है। इमरान खान की पार्टी तहरिके इस्लाम के लगभग 24 सांसद बगावत में उतर आए है। विपक्षी नेता बिलावल भुट्टो, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के शहबाज शरीफ, पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज, विपक्ष की सशक्त आवाज मौलाना फजलुर रहमान ने इमरान को अपदस्थ करने की कसम खा ली है और वे लगातार इमरान के खिलाफ आंदोलनरत हैं। इमरान खान से सेना के सदर कमर जावेद बाजवा ने भी उनको दो टूक शब्दों में कह दिया है कि हम इस मामले में दखल नहीं देंगे। पाकिस्तान में इमरान की गद्दी अब बहुत बड़े खतरे में आ गई है। इमरान की खुद की पार्टी तहरीक ए इस्लाम के 24 सांसदों ने बगावत का बिगुल फूंक दिया है। क्रिकेट में वर्ल्ड कप जिताने वाले पाकिस्तान के हीरो, पढ़े-लिखे इमरान खान ने अपनी सारी छवि को खराब करते हुए अब जादू टोने का सहारा लेना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान की जनता इमरान की इस व्यवहार से आश्चर्यचकित है। पाकिस्तान की आवाम उनकी बीबी बुशरा बेगम को जादू टोने की इन हरकतों से अच्छी तरह वाकिफ है,और इमरान खान पाकिस्तान की जनता के बर्दाश्त के बाहर हो चुके हैं और पूरी तरह से अपनी पत्नी 5 बच्चों की मां बुशरा बेगम की गिरफ्त में है,वे इस मुगालते में है कि बुशरा बेगम जादू टोने से उनकी गद्दी बचाने में सफल होंगी। संसद में विपक्षी पार्टी की मांग पर अविश्वास प्रस्ताव रखा गया है। इमरान के पास नेशनल असेंबली के कुल 341 सांसदों में से कुल 155 सांसद है,और बहुमत के लिए 172 सांसदों की जरूरत है। इसके अलावा दूसरी तरफ 155 सांसदों में 24 से 30 सांसदों ने बगावती तेवर दिखाकर सिंध हाउस इस्लामाबाद में अपना अड्डा जमाया है। अविश्वास प्रस्ताव में यदि इन 24 सांसदों ने इमरान के पक्ष में वोट नहीं दिया तो इमरान सरकार का गिरना निश्चित ही है। पाकिस्तान के इतिहास में नजर डालें तो पाकिस्तान का इतिहास रहा है कि अब तक निर्वाचित 18 प्रधानमंत्रियों में कोई भी अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया है, या तो प्रधानमंत्रियों की सरकार गिरा दी गई है या सेना के जनरल ने पाकिस्तान में मार्शल ला लगाकर सैनिक सरकार बना ली थी' जुल्फिकार अली भुट्टो को तो जनरल याह्या खान ने अपदस्थ कर अनेक आरोप लगाकर फांसी की सजा दे दी गई थी' नवाज शरीफ की दो बार प्रधानमंत्री बने पर दोनों बार अपदस्थ कर दिए गए थे ' नवाज शरीफ अब इंग्लैंड में निर्वासित जीवन जी रहे हैं' अब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान नियाजी की स्थिति वैसी ही हो गई है, उनके 3 साथी पाकिस्तान छोड़कर विदेश भाग गए हैं। उनके 3 साल के कार्यकाल में पाकिस्तान में महंगाई का पिछले 70 सालों का रिकॉर्ड टूट गया है, महंगाई 35% ऊंचाई पर पहुंच गई मुद्रास्फीति भी आसमान छू रही है, बेरोजगारी चरम सीमा पर है। वैश्विक समुदाय का भरोसा पाकिस्तान की सरकार से टूट गया है' ऐसे में वहां का विपक्षी दल एवं नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज और अन्य दल इमरान सरकार पर निशाना साधे हुए हैं' इमरान खान और सेना के जनरल

बाजवा के बीच भी भारी मनमुटाव की स्थिति आ गई सेना भी चाहती है कि अब विपक्षी दलों के साथ मिलकर नवाज शरीफ जैसा ट्रबल शूटर प्रधानमंत्री पाकिस्तान में स्थापित किया जाए जिससे पाकिस्तान की तमाम समस्याओं का इलाज खोज लिया जाए ' नवाज शरीफ के रूस, चीन, सऊदी अरेबिया और अमेरिका से संबंध इमरान सरकार की तुलना में अच्छे ही रहे हैं' इमरान सरकार ने वैसे भी विश्व समुदाय को धोखे में रख हमेशा कट्टरपंथियों एवं आतंकवादियों को पनाह दी है' अफगानिस्तान ने अमेरिका से अरबों डालर की सहायता लेकर भी तालिबानी आतंकवादियों को लगातार अस्त्र शस्त्र और राजनैतिक मदद अमेरिका को धोखे में रखकर देता आया है' पंजशीर घाटी में भी उसने तालिबानियों को सैनिक तथा हवाई हमले की मदद देकर अब अफगानी लड़कों से लोहा लेकर से खाली करवाया है।

# यह दुनियां एक रंगमंच है और सभी इसके पात्र हैं...

किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तरपर हर साल 27 मार्च को विश्व रंगमंच (थिएटर) दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष 27 मार्च 2022 को भी 60 वां विश्व रंगमंच दिवस मनाया जा रहा है जिसकी स्थापना 1961में इसे इंटरनेशनल थिएटर इंस्टीट्यूट (आईटीआई) नें स्थापित किया गया था जो अभी तक सांस्कृतिक क्षेत्र में नाटक, रंगमंच क्षेत्र में भव्यता से मनाया जाता है क्योंकि इसमें हमारी पौराणिक परंपराओं और मनोरंजन की खुशबू छिपी है जो आज के मनोरंजन साधनों में विलुप्त होने के कगार पर है। रंगमंच के हर नाटक से दर्शक एक प्रेरणा, एक संदेश लेकर जाते थे और अपने जीवन में उसे अपना कर जीवन उस अनुरूप ढालकर खुशियां बटोरते थे। जीवन गुलजार होकर सुखों की सुगंध बिखेरता था जो आज के आधुनिक युग में मनोरंजन के साधनों में बहुत कम दिखाई देता है। साथियों बात अगर हम नाटक को रंगमंच, नौटंकीयों नाट्य शालाओं की के वर्तमान में प्रचलन की करें तो हमने आजकल के आंदोलनों में बड़े शहरों में देखे होंगे कि वहां अपनी बातें, मांगे, विरोध को रास्तों, चौराहों पर नाटकों के द्वारा युवाओं द्वारा नाटक प्रस्तुतकर बात को सरकार,शासन प्रशासन तक पहुंचाने की कोशिश की जाती है बस!!! यही बात आधुनिक युग में युवाओं को समझाने के लिए जागरूक कराना है कि पुराने जमाने ने इन्हीं नाटक और रंगमंचों के माध्यम से संपूर्ण मानव समाज को मनोरंजन, नाटक, रंगमंच के माध्यम से प्रेरणा, सीख दी जाती थी कि कैसे कुरीतियों, गलत प्रथाओं, गलत कार्यों भावों को छोड़ जीवन को साफ सुथरा, अच्छा, योग्य शैली में ढालें और जीवन को सफल बनाएं। साथियों बात अगर हम भारत में रंगमंच के इतिहास की करें तो, भारत में रंगमंच का इतिहास बहुत पुराना है। ऋग्वेद में सबसे पहले रंगमंच और नाट्यशाला का उल्लेख मिलता है, ऋग्वेद के सूत्रों में कुछ नर्तकी जैसे यम और यमी, उर्वशी, पुरुरवी का उल्लेख मिलता है। नाटक, नौटंकी या थियट जो जी चाहे कह सकते है। पुराने समय में मनोरंजन के साधन में नाटक और नौटंकी हुआ करता था, थियटर बहुत कम था। अगर भारत की बात करें तो सिनेमा नहीं होता था। मनोरंजन का एक मात्र साधन थियटर था। इसी के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए विश्व रंगमंच दिवस मनाया जाता है। हमारे पूर्वजों से लेकर आज तक थियटरों का बोलबाला है परंतु बदलते समय के साथ भारत में भी रंगमंच का चलन कम हो गया है। साथियों बात अगर हम विश्व रंगमंच दिवस के लक्ष्यों की करें तो, दुनिया भर में सभी रूपों में रंगमंच को बढ़ावा देना,लोगों को रंगमंच के सभी रूपों के महत्त्व से अवगत कराना, थिएटर समुदायों के काम को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देना ताकि सरकारें और वैचारिक नेता रंगमंच के सभी रूपों में नृत्य के महत्व से अवगत हों और इसका सहयोग करें, स्वयं के लिए सभी रूपों में रंगमंच का आनंद लेने के लिए, रंगमंच के आनंद को दूसरों के साथ साझा करना, अगर हम गहराई से रेखांकन करें तो आज भी सामाजिक मुद्दों पर नुक्कड़ नाटक, रंगमंच पर नाटक काफी प्रचलन में हैं। साथियों बात अगर हम विश्व रंगमंच दिवस पर हर साल एक नई थीम के पालन की करें तो 2022 में रंगमंच और शांति की संस्कृति यह थीम रखी गई है पिछले 59 वर्षों में हर वर्ष नई थीम रखी जाती है और उसपर चलने की कोशिश की जाती है यह दिन उन लोगों के लिए एक उत्सव के बराबर है जो कला रूपी थिएटर के मूल्य और महत्व को समझते हैं। परंतु यह चिंतनीय बात है कि वर्तमान आधुनिक युग में शासन-प्रशासन इससे जुड़े व्यक्तित्व का अभी आर्थिक विकास के लिए व्यक्तिगत क्षमता का एहसास नहीं करा सके हैं।

## कौन पोछेगा प्रवासी बिहारी मजदूरों के आंसू

आर.के. सिन्हा

बिहार दिवस के ठीक बाद हैदराबाद से बिहार के लिए एक बुरी खबर सामने आई कि वहां पर हुई एक भीषण आगजनी की घटना में बिहार राज्य के 11 मजदूर जिंदा जल गए। ये सभी सारण और कटिहार जिलों के थे। ये सब अभागे मददूर कबाड़ गोदाम में लगी भीषण आग में फंस गए थे। आग इतनी तेज थी कि फायर ब्रिगेड की नौ गाड़ियों को आग पर काबू करने में तीन घंटों से भी अधिक का समय लगा। इन मजदूरों के परिवारों के लिए तेलंगाना सरकार और बिहार सरकारों ने कुछ मुआवजे की घोषणा की रस्म तो पूरी कर दी है। मुआवजा की घोषणा का मतलब यह हुआ कि अब केस खत्म हो गया। अब कोई इस विषय पर विचार नहीं करेगा कि देश के चप्पे झचप्पे पर होने वाले निर्माण कार्यों से लेकर छोटे-मोटे मजदूरी के कामों में बिहारी ही क्यों लगे हुए हैं? आप लद्दाख की राजधानी लेह से लेकर गोवा के सुदूर क्षेत्रों और देश के दूर-दराज वाले इलाकों में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक बिहारी मजदूरों को दिन-रात सड़कों से लेकर फैक्ट्रियों में और खेतों से लेकर घरों-दफ्तरों के बाहर देखेंगे। ये कितनी कठोर परिस्थितियों में काम करते हैं, इसको जानने की किसी को चिंता नहीं है। किसी को इस बात की जल्दी भी नहीं है कि बिहारी मजदूरों के हक में कोई ठोस योजना बना ली जाए। पंजाब आज अगर कृषि क्षेत्र में देश का अहम राज्य का दर्जा पा चुका है, तो इसका सबसे बड़ा श्रेय बिहारी मजदूरों को ही जाता है। ये दिन-रात अपनी मेहनत से पंजाब के खेतों को हरा-भरा करते हैं। पर वहां कांग्रेस के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी बिहारियों के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। उन्हें भैये कह कर गाली दे रहे थे। मतलब यह कि सिर्फ खून-पसीना बहाने के लिए ही हैं बिहारी मजदूर। पंजाब के खेतों में धान की रोपाई के लिए या गेहूं की कटाई के लिए राज्य को बिहार के खेतिहर मजदूरों का ही इंतजार रहता है।

## मोईन अली को वीजा मिला, सीएसके के दूसरे मैच के लिये उपलब्ध रहेंगे

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के स्टार आलराउंडर मोईन अली को भारत का वीजा मिल गया है और वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी टीम के दूसरे मैच में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। फ्रेंचाइजी के सीईओ कासी विश्वनाथन ने गुरुवार को यह जानकारी दी।इंग्लैंड का यह खिलाड़ी हालांकि गुरुवार को मुंबई पहुंच जाएगा लेकिन उन्हें अपनी टीम से जुड़ने से पहले तीन दिन तक पृथकवास पर रहना होगा और इस कारण कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ शनिवार को होने वाले पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे।

विश्वनाथन ने पीटीआई से कहा, ''मोईन को वीजा मिल गया है और वह आज मुंबई पहुंच जाएंगे। वह तीन दिन का पृथकवास पूरा करने के बाद दूसरे मैच के लिये उपलब्ध रहेंगे।'' पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ियों के लिये वीजा के तय मानदंडों के कारण उन्हें वीजा मिलने में देरी हुई। मोईन के दादा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से इंग्लैंड चले गये थे लेकिन मोईन का जन्म इंग्लैंड में हुआ है और वह अक्सर भारत आते रहते हैं। आईपीएल 2022 का पहला मैच शनिवार को वानखेड़े स्टेडियम में चार बार के चैंपियन सीएसके और पिछले साल के उप विजेता केकेआर के बीच खेला जाएगा। सीएसके को अपना दूसरा मैच 31 मार्च को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेलना है। मोईन ने चेन्नई को आईपीएल का चौथा खिताब दिलवाने में अहम भूमिका निभायी थी और इसलिए फ्रेंचाइजी ने नीलामी से पहले कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, रविंद्र जडेजा और रुतुराज गायकवाड़ के साथ उन्हें टीम में बनाये रखा था। मोईन ने पिछले साल आईपीएल में चेन्नई की तरफ से 15 मैचों में 357 रन बनाए और छह विकेट लिये थे।

## आईपीएल आगे बढ़ने के साथ पिचें धीमी होती जायेंगी जिससे सांमजस्य बिठाना सफलता के लिये अहम : मिशेल

**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स के आल राउंडर डेरिल मिशेल को लगता है कि आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सभी टीमों के लिये पिचों के अनुसार खुद को ढालना अहम होगा क्योंकि जैसे जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा, पिचें धीमी होती चली जायेंगी।अपने पहले आईपीएल सत्र में प्रभाव छोड़ने की उम्मीद लगाने वाले मिशेल ने कहा, ''मुझे लगता है कि जैसे जैसे लीग चरण खत्म होगा, पिचें निश्चित रूप से धीमी होंगी। बतौर टीम हमारे लिये अनुकूलित होना और उस पिच पर सही मानसिकता के साथ खेलना अहम होगा। '' राजस्थान रॉयल्स ने मिशेल को 75 लाख रूपये में खरीदा था और 30 वर्षीय खिलाड़ी जिस तरह भी संभव हो, टीम की जीत में योगदान करना चाहता है। उन्होंने कहा, ''मेरा लक्ष्य है कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाऊं। मुझे गर्व है कि मैं यहां राजस्थान रॉयल्स का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं और टीम को मैदान के अंदर मदद करने के लिये अपना सर्वश्रेष्ठ करूंगा। '' वहीं मिशेल के ट्रांस-तस्मानियाई प्रतिद्वंद्वी से आईपीएल साथी बने नाथन कूल्टर नाइल और श्रीलंका के महान क्रिकेटर लसिथ मलिंगा के साथ काम करने को लेकर उत्सुक हैं जो टीम के तेज गेंदबाजी कोच के तौर पर राजस्थान रॉयल्स से जुड़े हैं।

कूल्टर नाइल ने अपने पूर्व मुंबई इंडियंस साथी मलिंगा के बारे में कहा, ''वह अविश्वसनीय है, जब मैं मुंबई में था तो उन्हें गेंदबाजी करते हुए देखना शानदार था और अब रॉयल्स में। '' इस आस्ट्रेलियाई ने कहा, ''उनके नेतृत्व में ट्रेनिंग करना और तैयारी करना अच्छा मौका है कि उन्हें देख सकें कि वह गेंदबाजी के बारे में क्या सोचते हैं और इसे कैसे देखते हैं।

## आईपीएल के बाद श्रीलंका का दौरा करेगी ऑस्ट्रेलियाई टीम

**मुंबई।** आईपीएल 2022 के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम श्रीलंका का दौरा करेगी। इस दौरे में तीन टी20, पांच वनडे और दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया पांच साल बाद श्रीलंका का दौरा कर रहा है। सभी मैच कोलंबो, कैंडी और गॉल में खेले जाएंगे। दोनों टेस्ट मैच की मेजबानी गॉल को दी गई है। कंगारू टीम का यह दौरा सात जून को शुरू होगा। पहले दो तीन-20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इसके बाद पांच वनडे मैच और अंत में दो टेस्ट मैचों की सीरीज होगी। टी-20 सीरीज के शुरुआती दो मैच कोलंबो में खेले जाएंगी। वहीं तीसरा टी-20 और शुरुआती दो वनडे मैच कैंडी में खेले जाएंगे। वनडे सीरीज के बाकी तीन मैच कोलंबो में खेले जाएंगे। 29 जून से गॉल में टेस्ट सीरीज शुरू होगी और दोनों मैच इसी मैदान में खेले जाएंगे। इससे पहले जब ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका का दौरा किया था, तब उन्हें टेस्ट सीरीज में 3-0 से हार का सामना करना पड़ा था। श्रीलंका क्रिकेट के सीईओ एशले डे सिल्वा ने कहा 'हम रोमांचक क्रिकेट के लिए तैयार हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम पांच साल बाद श्रीलंका का दौरा कर रही है।

# 20 वर्षीय इगा स्वातेक ने रचा इतिहास

### दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी बनीं, बार्टी के संन्यास से मिला फायदा

**नई दिल्ली।** पोलैंड की युवा स्टार खिलाड़ी इगा स्वांतेक ने इतिहास रच दिया है। 20 वर्षीय इगा ने मियामी ओपन में दूसरे दौर का मुकाबला जीतने के साथ ही डब्ल्यूटीए टेनिस रैंकिग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। वह विश्व रैंकिंग में नंबर एक बनने वाली पोलैंड की पहली और दुनिया की 28वीं महिला टेनिस खिलाड़ी हैं।

ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज एश्ले बार्टी द्वारा अचानक से संन्यास लेने के बाद शीर्ष स्थान खाली हो गया, इसका फायदा दूसरे नंबर पर रहीं इगा को मिला और वह अब दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी बन गईं। स्वांतेक ने इससे पहले शुक्रवार की रात मियामी ओपन के दूसरे दौर में स्विट्जरलैंड की विक्टोरिजा गोलुबिक को सीधे सेटों में 6-2, 6-0 से हराया।



टूर्नामेंट की समाप्ति के बाद चार अप्रैल को नई रैंकिंग अपडेट होगी और फिर संन्यास ले चुकी एश्ले बार्टी का नाम हटाकर इगा को आधिकारिक तौर पर शीर्ष स्थान पर जगह दे दी जाएगी। इगा ने पिछले कुछ सालों में तेजी से अपनी छाप छोड़ी है। की रैंक साल 2016 की समाप्ति पर 903 थी। इसके बाद वह 2018 में पहली बार शीर्ष 500 में शुमार हुईं। 2020 की समाप्ति के बाद 17वें रैंक पर पहुंचीं तो 2021 का समापन नौवें रैंक के साथ किया।

## आईपीएल की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे, मुंबई पुलिस ने कहा

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने कहा कि वह इस हफ्ते के अंत में शुरू होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिये पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये तैयार है। मुंबई पुलिस ने आधिकारिक विज्ञप्ति में यह बात कही।इसमें कहा गया कि 26 मार्च से दक्षिण मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम




में शुरू होने वाले क्रिकेट के इस टूर्नामेंट को किसी आंतकी खतरे के बारे में कोई खुफिया जानकारी नहीं मिली है। पुलिस ने कहा कि शहर में दो स्टेडियम (वानखेड़े और ब्रैबोर्न) में उचित सुरक्षा इंतजाम किये जायेंगे जहां मैच खेले जायेंगे। इसके अलावा उन होटलों में भी उचित सुरक्षा इंतजाम किये जायेंगे जहां खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ रूके हैं। सोशल मीडिया पर कुछ 'अनवैरिफाइड' वायरल संदेशों में कहा गया था कि आतंकवादियों ने होटल ट्राइडेंट, वानखेड़े स्टेडियम के साथ दोनों स्थानों के बीच बस रूट की रेकी की थी, लेकिन पुलिस विज्ञप्ति में कहा गया कि उन्हें इस तरह की कोई सूचना नहीं मिली है।

# किदांबी श्रीकांत ने किया उलटफेर, दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने स्विस बैडमिंटन ओपन 2022 में बड़ा उलटफेर करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

पूर्व विश्व नंबर एक श्रीकांत ने पुरूष एकल के क्वॉर्टरफाइनल में डेनमार्क के दूसरे वरीय एंडर्स एंटोनसेन को कड़े मुकाबले में हराया।

श्रीकांत और एंटोनसेन के बीच 79 मिनट तक चले इस रोमांचक मुकाबले में एक-एक अंक के लिए कड़ी टक्कर देखने को मिली. दोनों खिलाड़ियों के




**पुरुषों के एकल में एचएस प्रणय ने क्वॉर्टरफाइनल में जीत दर्ज की। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता पारूपल्ली कश्यप को 21-16, 21-16 से मात दी।**

बीच खेले गए तीन गेम के मुकाबले में पहला सेट भारतीय खिलाड़ी ने 21-19 से जीता। दूसरे सेट में शूरूआती बढ़त के बावजूद उन्हें हार का सामना करना पड़ा। जबकि आखिरी सेट में श्रीकांत ने 19-20 से पिछड़ने के बावजूद हार नहीं मानी और लगातार दो अंक लेकर निर्णायक गेम में 22-20 से जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में पहुंच गए। सातवें वरीय किदांबी अब सेमीफाइनल में दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के जोनाटन क्रिस्टी से भिड़ेंगे।

इससे पहले महिलाओं की एकल स्पर्धा में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू भी सेमीफाइनल में पहुंचने में कामयाब रहीं। दूसरी वरीयता प्राप्त सिंधू ने कनाडा की पांचवीं वरीयता प्राप्त मिशेले लि को 36 मिनट में 21-10, 21-19 से हराया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू का सामना अब थाईलैंड की सुपानिदा केतेथोंग से होगा। पुरुषों के एकल में एचएस प्रणय ने क्वॉर्टरफाइनल में जीत दर्ज की। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता पारूपल्ली कश्यप को 21-16, 21-16 से मात दी। प्रणय का अगला मुकाबला इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका जिंटिंग से होगा जिन्होंने भारत के समीर वर्मा को 21-17, 21-14 से मात दी।

## भारतीय महिला टीम ने जीता सैफ अंडर 18 फुटबॉल खिताब, लिंडा कोम ने किए सर्वाधिक गोल

**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-18 महिला फुटबॉल टीम ने अंडर-18 सैफ चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। आखिरी लीग मैच में बांग्लादेश से 0-1 से हार के बावजूद बेहतर गोल औसत के आधार पर भारतीय टीम को विजेता घोषित किया गया। बांग्लादेश के +3 गोल की तुलना में टीम इंडिया का गोल का अंतर +11 का रहा। टूर्नामेंट में पांच गोल करने वाली भारत की लिंडा कोम सर्वाधिक गोल करने वाली और टूर्नामेंट की 'मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर' रहीं। जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भारत और बांग्लादेश के बीच आखिरी मुकाबला खेला गया। दोनों टीमों के बीच आखिरी समय तक




कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन 74वें मिनट में अकलीमा खातून के गोल से बांग्लादेश का खाता खूला और फिर उसने भारत के खिलाफ जीत दर्ज कर ली।

## एशियाई कुश्ती चैंपियनशिपः अंशु करेगी महिला टीम का नेतृत्व, ट्रायल में नहीं पहुंची विनेश

**लखनऊ।** विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता अंशु मलिक और कांस्य पदक विजेता सरिता मोर मंगोलिया के उलानबटेर में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप में दस सदस्यीय भारतीय महिला कुश्ती टीम की अगुवाई करेंगी।

अंशु ने ओस्लो में 2021 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था । वह 57 किलो वर्ग में भाग लेंगी जबकि सरिता 59 किलो वर्ग में उतरेंगी।

सरिता ने 2021 विश्व चैंपियनशिप में अपने वर्ग में कांस्य पदक जीता था। टीम का चयन लखनऊ में साइ प्रशिक्षण केंद्र पर चयन ट्रायल के बाद किया गया। ट्रायल में 62 किलो वर्ग में मनीषा ने रियो ओलंपिक की पदक विजेता साक्षी मलिक



को 5-1 से हराया।

एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट ट्रायल में नहीं आई। मनीषा (50 किलो), स्वाति शिंदे (53 किलो), सुषमा शौकीन (55 किलो), राधिका (65 किलो), सोनिका हुड्डा (68 किलो), निक्की (72 किलो) और सुदेश (76 किलो) ने भी टीम में जगह बनाई है। एशियाई चैंपियनशिप 19 से 24 अप्रैल के बीच खेली जाएगी।

# नॉर्थ मेसिडोनिया ने किया सबसे बड़ा उलटफेर, इटली को प्लेऑफ में हराया

**नई दिल्ली।** यूरो चैंपियन इटली की टीम एक बार फिर से फुटबॉल के सबसे बड़े टूर्नामेंट फीफा वर्ल्ड कप में नहीं दिखेगी। वर्ल्ड कप प्लेऑफ के सेमीफाइनल में उसे नॉर्थ मेसेडोनिया के हाथों उलटफेर का शिकार होना पड़ा। निर्धारित 90 मिनट समाप्त होने के बाद इंटरी टाइम में गोल कर नॉर्थ मेसेडोनिया ने इटली का दिल तोड़ दिया। इटैलियन टीम ने पिछले साल यूरो कप के फाइनल में इंग्लैंड को हराकर खिताब अपने नाम किया था। 90+2वें मिनट में नॉर्थ मेसेडोनिया के एलेक्जेंडर ट्रेजकोव्स्की ने गोल कर इटली की टीम को हैरान कर दिया। गोल होने के बाद नॉर्थ मेसेडोनिया के खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ मैदान में जश्न मनाने लगे। नॉर्थ मेसेडोनियाका प्लेऑफ के फाइनल में पुर्तगाल से मुकाबला




होगा। यह मैच पुर्तगाल के शहर पोर्टो में मंगलवार (29 मार्च) को देर रात खेला जाएगा। नॉर्थ मेसेडोनिया के मैनेजर ब्लागोजा मिलेव्स्की ने कहा, 'हमारे पास दो शॉट थे और हमने मैच जीत लिया। हम इटली के खिलाफ इटली के अंदाज में जीते।' दूसरी ओर, हार के बाद इटली के मैनेजर रोबर्टो मैनसिनी ने कहा कि इटली का हारना उनके करियर का सबसे निराशाजनक पल है। जिस तरह जुलाई (पिछले साल यूरो कप जीती थी) मेरे करियर का सर्वश्रेष्ठ पल था उसी तरह यह सबसे निराशाजनक है।इटली की टीम फुटबॉल इतिहास में पहली बार लगातार दो वर्ल्ड कप में नहीं खेलेगी। 2018 में भी इटैलियन टीम क्वलीफाई नहीं कर सकी थी। इससे पहले 1930 में उसने भाग नहीं लिया था और 1958 में उसने क्वालीफाई नहीं किया था।

इसी बीच, क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम पुर्तगाल ने तुर्की को 3-1 से हराकर वर्ल्ड कप में जाने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है। पुर्तगाल के लिए डी सिल्वा मेनटेइरो ने 15वें, डिएगो जोटा ने 42वें और मथेउस नुनेस ने 90+4वें मिनट में गोल किया। तुर्की के लिए इकलौता गोल बुराक यिल्माज ने 65वें मिनट में किया। एक अन्य मैच में वेल्स ने गैरेथ बेल की गोल की मदद से ऑस्ट्रिया को 2-1 और स्वीडन ने चेक गणराज्य को हराया।

# पाकिस्तान की हार से भारत का सपना टूटा, टेस्ट रैंकिंग में पहला स्थान नहीं हासिल कर पाएगी टीम इंडिया

**लाहौर।** लाहौर टेस्ट में पाकिस्तान की हार के साथ ही भारत के टेस्ट रैंकिंग में पहले पायदान पर पहुंचने की उम्मीद खत्म हो गई हैं। अब लंबे समय तक भारत के लिए आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में पहला पायदान हासिल करना मुश्किल होगा। भारत को अगला टेस्ट मैच इंग्लैंड के खिलाफ खेलना है और यह मैच जुलाई के महीने में होगा। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया की टीम लंबे समय तक टेस्ट में पहले नंबर पर बनी रहेगी। पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज के शुरुआती दो मैच ड्रॉ हुए थे। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने तीसरा टेस्ट 115 रन से जीतकर सीरीज भी 1-0 के अंतर से अपने नाम कर ली।

**सीरीज ड्रॉ होने पर पहले नंबर पर आ सकता था भारत**

पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का तीसरा मैच ड्रॉ होने पर भी भारतीय टीम टेस्ट रैंकिंग में पहले पायदान पर आ सकती थी। वहीं सीरीज में




पाकिस्तान के एक मैच जीतने पर भी भारत का टेस्ट में नंबर एक बनना तय था। हालांकि, पाकिस्तान की टीम सीरीज में कोई मैच नहीं जीत सकी और आखिरी मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। अब ऑस्ट्रेलिया की टीम पहले पायदान पर बनी हुई है।

**टेस्ट रैंकिंग में पाकिस्तान छठें नंबर पर**

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की टीम पहले स्थान पर बरकरार है। हालांकि, भारत और पाकिस्तान के बीच ज्यादा अंतर नहीं है। ऑस्ट्रेलिया के पास 119 अंक हैं, जबकि भारत के पास 118 अंक हैं। वहीं पाकिस्तान की टीम 93 अंक के साथ छठें पायदान पर मौजूद है। न्यूजीलैंड तीसरे स्थान पर है। उसके पास 115 अंक हैं। वहीं इंग्लैंड की टीम चौथे और दक्षिण अफ्रीका पांचवें स्थान पर है। जुलाई के महीने में भारत को इंग्लैंड के खिलाफ उसके घरेलू मैदान में एक टेस्ट खेलना है। इस मैच में भारत की जीत मुश्किल होगी। क्योंकि, इंग्लैंड को घेरलू हालातों का फायदा मिलेगा और जो रूट की नई नवेली टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार लय में दिख रही है। वहीं ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका के खिलाफ उसके घर में टेस्ट सीरीज खेलनी है।

# इंग्लैंड के साकिब महमूद और जैक लीच ने बनाया अनोखा रिकॉर्ड, टेस्ट इतिहास में 137 साल बाद हुआ ऐसा कमाल

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अन्य विकसित देशों के विपरीत मोदी सरकार ने कोविड महामारी से प्रभावित अर्थव्यवस्था के पुनरूद्धार के लिए कर में कोई बढ़ोतरी नहीं की और सरकार का जोर बुनियादी ढांचा पर सार्वजनिक व्यय बढ़ाने पर रहा क्योंकि इसका प्रभाव व्यापक होता है। वित्त विधेयक 2022 पर लोकसभा में चली चर्चा का जवाब देते हुए सीतारमण ने कांग्रेस को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 2 लाख रुपये से अधिक की आय पर कराधान की 'मामूली दर' 93.5 प्रतिशत निर्धारित की थी और भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1951 में मूल्य वृद्धि के लिये कोरियाई युद्ध को जिम्मेदार ठहराया था।हालांकि भारत उस समय विश्व स्तर पर आपस में बहुत अधिक नहीं जुड़ा था। लोकसभा ने वित्त मंत्री के जवाब के बाद कुछ सरकारी संशोधनों को स्वीकार करते हुए 'वित्त विधेयक, 2022' को मंजूरी दे दी। इसके साथ वित्त वर्ष 2022-23 की बजटीय प्रक्रिया पूरी हो गई है। सीतारमण ने कहा कि सरकार का कंपनी कर समेत अन्य करों की दर में कमी करने पर भरोसा रहा है। इसी का नतीजा है कि पिछले वित्त वर्ष में 6.6 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले इस वित्त वर्ष में अब तक कंपनी कर संग्रह 7.3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि कंपनी कर में कमी से अर्थव्यवस्था, सरकार और कंपनियों को मदद मिली है और हम प्रगति देख रहे हैं।वित्त मंत्री ने कहा, ''कारोबार करने और कंपनियां चलाने वाले लोगों के साथ गर्व की भावना का व्यवहार किया जाता है ताकि वे रोजगार पैदा कर सकें।'' ईंधन के दाम में वृद्धि का जिक्र करते हुए सीतारमण ने कहा कि इसका कारण रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध है। सभी देशों पर इसका असर पड़ा है क्योंकि इससे तेल की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा, ''1951 में भी पंडित जवाहरलाल नेहरू कह सकते थे कि कोरियाई युद्ध से भारत में महंगाई पर असर पड़ सकता है... लेकिन आज जब विश्व स्तर पर जुड़ी हुई दुनिया में अगर हम कहें कि यूक्रेन (युद्ध) हमें प्रभावित कर रहा है, तो यह स्वीकार नहीं किया जाता है।''सीतारमण ने कहा कि कर को लेकर कांग्रेस पार्टी ने कभी भी आम लोगों के बोझ को कम करने के बारे में नहीं सोचा, वहीं मौजूदा सरकार लगातार यह सुनिश्चित करने के लिये काम कर रही है कि लोगों पर किसी प्रकार का बोझ न पड़े। उन्होंने कहा कि भारत शायद एकमात्र प्रमुख अर्थव्यवस्था है जिसने कोविड महामारी से प्रभावित अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिये नये करों का सहारा नहीं लिया। वहीं दूसरी तरफ जर्मनी, फ्रांस, कनाडा और ब्रिटेन सहित 32 देशों ने महामारी के बाद कर की दरों में वृद्धि की है। वित्त मंत्री ने बजट में पूंजी व्यय पर जोर का जिक्र करते हुए कहा, ''कर बढ़ाने के बजाय हमने पैसा डालने के उपाय किये जिसका व्यापक प्रभाव होता है।''

## पोलैंड की सीमा के पास तैनात अमेरिकी सैनिकों से मिलेंगे अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन

**वारसा।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो. बाइडन यूक्रेन से लगी पोलैंड की सीमा के पास तैनात अमेरिकी सैनिकों से प्रत्यक्ष रूप से संवाद करेंगे और यूक्रेन के उन लाखों लोगों के संकट के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे, जो अपनी मातृभूमि पर रूस के हमले से बचने के लिए पोलैंड जा रहे हैं। बाइडन ने अमेरिकी सेना की 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के सदस्यों से मिलने की योजना बनाई है जो पोलिश सैनिकों के साथ सेवा दे रहे हैं। वह दक्षिणपूर्वी पोलैंड के सबसे बड़े शहर रेजजो में हवाई अड्डे पर पहुंचे। वह पोलिश राष्ट्रपति एंड्रेज डूडा और अन्य के साथ बातचीत के लिए शनिवार को वारसा में होंगे।पोलिश नेता को शुक्रवार को हवाई अड्डे पर बाइडन का स्वागत करना था, लेकिन तकनीकी समस्या के कारण उनके विमान में देरी हो गई। यूरोपीय संघ ने कहा कि यूक्रेन के लगभग 35 लाख लोग देश छोड़कर भाग गये हैं। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि बाइडन अमेरिकी सैनिकों और विशेषज्ञों से जमीनी स्थिति के बारे में जानकारी लेंगे।विश्व के अन्य नेताओं के साथ बैठकों के बाद ब्रसेल्स में बाइडन ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप में सबसे बड़े शरणार्थी संकट से निपटने के लिए पोलैंड, रोमानिया और जर्मनी को अकेले नहीं छोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने यूक्रेन के शरणार्थियों की मदद के वास्ते एक अरब अमेरिकी डॉलर की अतिरिक्त सहायता की घोषणा किये जाने के बाद कहा, ''यह एक अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारी है।



## चीन की नजरें सोलोमन द्वीप पर भी, गुप्त समझौते ने बढ़ाई आस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड की टेंशन

**सिडनी:** चीन यूक्रेन-रूस जंग का चौतरफा फायदा उठाने की फिराक में है। एक तरफ वह अपने व्यापारियों को रूसी बाजार पर कब्जा करने की सलाह दे रहा है तो दूसरी तरफ वह दुनिया पर कब्जे की अपनी महत्वकांशाओं को पूरा करने में लगा हुआ है। दरअसल यूक्रेन पर रूसी हमले ने चीन की आक्रमकता और मनोबल बढ़ाने का काम किया है। इस संबंधे में लीक हुए एक दस्तावेज से संकेत मिलता है कि चीन की गिद्ध दृष्टि अब सोलोमन द्वीप पर गढ़ी है और यहां वह अपनी सैन्य मौजूदगी को बढ़ा सकता है। यह जानकारी पड़ोसी देश आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और अन्य मुल्कों की चिंता बढ़ाने वाली है। सोलोमन द्वीप की ओर से कहा गया है कि उसने चीन के साथ एक समझौता कर लिया है।

ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री पीटर डटन ने बताया कि बीजिंग और होनियारा के बीच एक सुरक्षा मसौदा समझौते के ऑनलाइन लीक होने के बाद दुनिया की चिंता बढ़ गई है क्योंकि इस मसौदे में सोलोमन द्वीप में चीनी नौसैनिक अड्डा स्थापित करने के कदम का भी जिक्र है। समझौते की शर्तों के मुताबिक चीन अब सामाजिक व्यवस्था बरकरार रखने एवं अन्य वजहों का हवाला देते हुए में सोलोमन द्वीप में पुलिस और सेना के जवानों को भेज सकता है। यही नहीं चीन इस द्वीप में अपने जहाजों को भी कुछ समय के लिए भेज सकता है। आस्ट्रेलिया का कहना है कि हमारे क्षेत्र को अस्थिर करने वाली किसी भी आक्रामक गतिविधि को लेकर हमारी चिंता जायज है। दरअसल सोलोमन द्वीप की राजधानी होनीआरा में पिछले साल दंगे हुए थे। हालांकि आस्ट्रेलिया एवं अन्य पड़ोसी मुल्कों ने सुरक्षा सहायता भेजी थी। अब इसमें चीन की एंट्री होने से तनाव पैदा होने की आशंका है। वहीं न्यूजीलैंड का कहना है कि चीन के साथ सोलोमन द्वीप का समझौता चिंता पैदा करने वाला है।

## रूसी बल यूक्रेन में अब राजधानी कीव से अपना ध्यान हटाते हुए हो रहे हैं प्रतीत

**वाशिगंटन:** रूसी बल यूक्रेन में जारी युद्ध में अब अपना ध्यान राजधानी कीव से हटाते हुए प्रतीत हो रहे हैं और इसके बजाय उनका ध्यान यूक्रेन के पूर्वी हिस्से में स्थित डोनबास औद्योगिक क्षेत्र को मुक्त कराने पर है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह युद्ध के नए चरण की शुरुआत हो सकती है। उन्होंने कहा कि हालांकि अभी यह कहना जल्दबाजी होगा कि इसके क्या परिणाम होंगे। देश के कई हिस्सों में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सेना को काफी दबाव का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका और अन्य देश यूक्रेन को हथियार और साजो-सामान की आपूर्ति बढ़ा रहे हैं।

हाल में अमेरिकी अधिकारियों ने कहा है कि उन्हें कुछ क्षेत्रों में सीमित रूप से ही सही, यूक्रेनी सैनिकों के आक्रामक होने के सबूत मिले हैं। उन्होंने कहा कि इस हफ्ते की शुरुआत में वे (यूक्रेनी सैनिक) काला सागर तट पर बंदरगाह में एक बड़े रूसी जहाज पर हमला करने में कामयाब रहे। रूसी सेना के उपप्रमुख कर्नल जनरल सर्गेई रुड्सकोई ने कहा था कि रूसी बलों ने पहले चरण के मुख्य उद्देश्यों को मोटे तौर पर हासिल कर लिया है। रूस ने पहले चरण को यूक्रेन में विशेष सैन्य अभियान करार दिया था।

# चीन की अपने व्यापारियों को सलाह- बिना समय गंवाए रूस-यूक्रेन युद्ध का उठाएं लाभ

**बीजिंग:** रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग का एक महीने पूरे होने के बाद भी इस युद्ध को रोकने के लिए कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा है। इस बीच चीन का एक अजीब बयान सामने आया है। चीनी राजदूत झांग हनहुई ने मास्को में चीनी व्यापारियों से मुलाकात के दौरान वर्तमान रूस-यूक्रेन युद्ध का फायदे उठाने की सलाह दी है।

वह इस सप्ताह के शुरू में अपने चीनी प्रतिनिधियों से मिले थे। रूसी कन्फ्यूशियस कल्चर प्रमोशन एसोसिएशन द्वारा 21 मार्च के सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार राजदूत ने अपने व्यापार प्रमुखों को बिना समय बर्बाद किए इस मौके का लाभ उठाने का आग्रह किया है ।

रूस में चीन के राजदूत ने मास्को में चीनी व्यापारियों से यूक्रेन संकट का लाभ उठाने के लिए अपने उद्यमों का विस्तार करने का आह्वान किया है। दरअसल यूक्रेन हमले के मद्देनजर गंभीर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों ने रूस की अर्थव्यवस्था को पंगु बना दिया है और चीन इसी मौके का लाभ उठा कर अपने व्यापार को रूसी बाजार में विस्तार की सलाह दे रहा है। प्रतिनिधियों से मुलाकात दौरान चीनी राजदूत झांग हनहुई ने कहा कि 'मौजूदा अंतरराष्ट्रीय स्थिति जटिल है। बड़े उद्यमों को बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भुगतान और आपूर्ति श्रृंखला में रूकावट भी आ रही है।

हालांकि सम्मेलन के सारांश में पश्चिमी प्रतिबंधों का कोई उल्लेख नहीं किया गया, फिर भी झांग ने कहा कि यह निजी, छोटे और



मध्यम आकार के उद्यमों के लिए रूस में व्यापार आगे बढ़ाने का सही समय है। राजदूत की टिप्पणी के बारे में एक सवाल के जवाब में, मास्को में बैठक का उल्लेख किए बिना चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि दोनों पक्ष लंबे समय से 'सामान्य आर्थिक और व्यापार सहयोग' में हैं ।दरअसल, यूक्रेन संकट को समाप्त करने के लिए पश्चिम देश रूस को वैश्विक आर्थिक और वित्तीय प्रणाली से अलग करने पर जोर दे रहे हैं । इसी के तहत मुख्य अंतरराष्ट्रीय भुगतान प्रणाली स्विफ्ट से कई रूसी बैंकों को अलग कर दिया गया है। ऐसे में माना जा रहा है कि चीन प्रतिबंधित रूसी अर्थव्यवस्था की सहायता करेगा। बता दें कि रूस और पश्चिमी देशों के मध्य संघर्ष के बीच एक तटस्थ रुख को चित्रित करने की मांग के बावजूद बीजिंग को व्यापक रूप से मास्को का समर्थन करने के रूप में देखा जाता है। जंग के बीच ही चीन कई बार रूस के साथ सामान्य रूप से व्यापार करने की की प्रतिबद्धता भी जाहिर कर चुका है।

मार्च की शुरुआत में रूसी बैंकों को क्रेडिट कार्ड सेवाओं को निलंबित करने की घोषणा के बाद रूसी बैंकों ने वीज़ा और मास्टरकार्ड के विकल्प के रूप में चीन के सरकारी स्वामित्व वाले यूनियनपे पर जोर देना शुरू कर दिया ।

हालांकि रिसर्च फर्म गावेकल ड्रैगनोमिक्स के विश्लेषकों ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि चीन रूस के बचाव में नहीं आएगा। वाशिंगटन स्थित थिंक टैंक पीटरसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स के रिसर्च फेलो मार्टिन चोरज़ेम्पा ने द वाशिंगटन पोस्ट को बताया, 'चीन में अधिकांश बड़े संस्थान अमेरिकी प्रतिबंधों के उल्लंघन का जोखिम उठाने को तैयार नहीं हैं।' मॉस्को में चीनी दूतावास और रूस कन्फ्यूशियस कल्चर प्रमोशन एसोसिएशन के अधिकारियों ने फिलहाल इस बयान पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## अफगानिस्तान में लड़कियों के स्कूल बंद होने पर अमेरिका भी नाराज, तालिबान के साथ सभी बैठकें कीं रद्द

**वाशिंगटन:** अफगानिस्तान में लड़कियों के स्कूल बंद होने पर अमेरिका ने भी नाराजगी जताई है। इसी के चलते अमेरिका ने दोहा में तालिबान के साथ होने वाली बैठकों को रद्द कर दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस्लामिक शासन द्वारा लड़कियों के माध्यमिक विद्यालयों को बंद करने का फैसला करने के बाद दोहा में तालिबान के साथ नियोजित बैठकें रद कर दी गई हैं।

अमेरिकी विदेश सचिव एंटनी ब्लिंकन ने लड़कियों के लिए माध्यमिक विद्यालयों को बंद करने पर तालिबान की कड़ी आलोचना की और प्रतिबंध के समर्थन में दी गई उसकी दलील को खारिज कर दिया। ब्लिंकन ने कहा, 'शिक्षा मानव का अधिकार है। तालिबान ने वादा किया था कि लड़कियों को सभी स्तर की शिक्षा की अनुमति दी जाएगी। वह अपने



वादों से मुकर गया है। लड़कियां व महिलाएं माध्यमिक स्कूलों में पहुंच रही हैं और उन्हें यह कहते हुए लौटा दिया जा रहा है कि अगली सूचना तक वे स्कूल न आएं।' उन्होंने कहा कि अमेरिका उन लड़कियों व उनके परिवारों के साथ है, जो शिक्षा को अफगानिस्तान की तरक्की और संपन्नता का जरिया मानते हैं।

बता दें कि अफगानिस्तान के श्रम और सामाजिक मामलों के मंत्रालय के सोलह निदेशकों को हटा दिया गया है। उनकी जगह उन लोगों की नियुक्ति की गई है जिन्होंने दीनी तालीम ले रखी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक बर्खास्त किए गए सभी 16 निदेशकों के पास या तो मास्टर या स्नातक की डिग्री है। तालिबान के वरिष्ठ अधिकारियों ने इनकी जगह अपने उन रिश्तेदारों को नियुक्त किया है जिनके पास कोई डिग्री है। इस बीच स्थानीय मीडिया के मुताबिक तालिबान ने पकतिया प्रांतीय पुलिस के पूर्व उपप्रमुख मुहम्मद चारगंद जादरान को गिरफ्तार कर लिया।

## आत्महत्या करने वाली अमेरिकी किशोरी को ब्लैकमेल के आरोप में पाकिस्तान में 2 सेक्सटॉर्शनिस्ट गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के फैसलाबाद शहर में एक अमेरिकी किशोरी की आपत्तिजनक तस्वीरें साझा करने , यौन शोषण और ब्लैकमेल करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। किशोरी ने एक साल पहले न्यूयॉर्क में आत्महत्या कर ली थी। समा टीवी के अनुसार मार्च 2021 में अपनी जान लेने वाली शायलिन डिक्सन नाम की पीड़िता ने एक नोट छोड़द्द, जिसमें लिखा था कि उसे ऑनलाइन एक ब्लैकमेलर द्वारा धोखा दिया गया, जिसके बाद, न्यूयॉर्क पुलिस विभाग (एनवाईपीडी) की जांच में नाबालिग को ब्लैकमेल करने वाले दो लोगों की संलिप्तता का पता चला। 3 मार्च, 2021 को आत्महत्या करने वाली 17 वर्षीय पीड़िता ने सुसाइड नोट में लिखा, ब्लैकमेलर ने मुझे शर्मनाक तस्वीरें भेजने के लिए बरगलाया, और फिर उन्हें सहपाठियों और दोस्तों को भेजने की धमकी दी। NYPD के अनुसार, पीड़िता के कम से कम दो दोस्तों ने इंटरनेट से उसकी अश्लील तस्वीरें प्राप्त कीं। मीडिया आउटलेट के अनुसार, अमेरिकी दूतावास के अनुरोध पर जांच करने वाली संघीय जांच एजेंसी ने फेसबुक प्रोफाइल से फैसलाबाद के ब्लैकमेलर्स का पता लगाया। FIA साइबर द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी के अनुसार, मोहम्मद अर्सलान सईद और कमल अनवर के रूप में पहचाने जाने वाले आरोपी ने मोआन इकराम के नाम से बनाई गई एक फेसबुक आईडी का इस्तेमाल पीड़िता और उसके दोस्तों को आपत्तिजनक तस्वीरें साझा करके ब्लैकमेलिंग और सेक्सटॉर्शन के लिए किया था। प्राथमिकी में कहा गया है, दोनों आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लियाऔर कहा कि उन्होंने एक-दूसरे की सक्रिय मिलीभगत से इस अवैध कार्य को जानबूझकर किया।

## 16 देशों की महिला विदेश मंत्रियों ने लड़कियों की शिक्षा को लेकर तालिबान पर बनाया दबाव

**वाशिंगटन:** दुनियाभर के 16 देशों की महिला विदेश मंत्रियों ने कहा कि वे अफगान लड़कियों को माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने की अनुमति नहीं दिए जाने को लेकर ''बहुत निराश हैं'' और उन्होंने तालिबान से अपने इस फैसले को पलटने की अपील की। दुनिया के 10 देशों के राजनयिकों ने भी संयुक्त राष्ट्र में इसी प्रकार का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि



अफगानिस्तान में तालिबानी शासकों ने बुधवार को अप्रत्याशित रूप से छठी से ऊपर की कक्षाओं को लड़कियों के लिए दोबारा खोलने से इनकार कर दिया था। अल्बानिया, अंडोरा, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, बोस्निया, कनाडा, एस्टोनिया, जर्मनी, आइसलैंड, कोसोवो, मालावी, मंगोलिया, न्यूजीलैंड, स्वीडन, टोंगो और ब्रिटेन की विदेश मंत्रियों ने कहा, ''महिला और विदेश मंत्री होने के नाते हम इस बात से निराश और चिंतित हैं कि इस वसंत से अफगानिस्तान में लड़कियों को माध्यमिक स्कूलों तक पहुंच देने से इनकार किया गया है।' विदेश मंत्रियों ने कहा कि यह फैसला, ''खासतौर पर परेशान करने वाला है क्योंकि हम सभी बच्चों के लिए सभी स्कूल खोलने की प्रतिबद्धता के बारे में बार-बार सुन रहे थे।'उन्होंने कहा, ''हम तालिबान से हाल में लिया गया फैसला पलटने और देश के सभी प्रांतों में हर स्तर पर शिक्षा में समान अवसर देने की अपील करते हैं।' न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में सुरक्षा परिषद ने इस मामले पर बंद कमरे में चर्चा की। इसके शुरू होने से पहले अल्बानिया, ब्रिटेन, ब्राजील, फ्रांस, गैबॉन, आयरलैंड, मैक्सिको, नॉर्वे, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात के राजदूत तालिबान के फैसले का विरोध करने के लिए एक साथ खड़े हुए। परिषद की वर्तमान अध्यक्ष एवं संयुक्त अरब अमीरात की राजदूत लाना नुसीबेह ने एक संयुक्त बयान को पढ़ते हुए कहा, ''यह बहुत चिंतित करने वाला' कदम है।


## अमेरिका में डलास के निकट हेलीकॉप्टर क्रैश, 2 लोगों की मौत

**न्यूयार्क:** अमेरिका में डलास के निकट एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई, जिसके कारण उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई। रोवलेट के टेक्सास 66 पर एक वाणिज्यिक पट्टी में एक खाली स्थान पर पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे यह हादसा हुआ। रोवलेट पुलिस के अधिकारी क्रूज हर्नांडेज ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हेलीकॉप्टर के पीछे लगा पंखा बीच हवा में टूट गया, जिससे वह अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया और उसमें आग लग गई। संघीय विमानन प्रशासन और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड इस हादसे संबंधी जांच कर रहा है।



# अमेरिका प्रतिबंधों से रूस के सोने के भंडार को बना रहा है मिट्टी

**मास्को:** यूक्रेन पर रूसी हमले से पश्चिमी देश नाराज हैं। अमेरिका और उसके पश्चिमी सहयोगी रूस की इकॉनमी को बर्बाद करने की हर कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए इन देशों ने यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद कई सारे प्रतिबंध लगा दिए हैं। अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने कहा कि वे रूस के साथ किसी भी प्रकार के वित्तीय लेनदेन को ब्लॉक करने जा रहे हैं, इसमें सोना भी शामिल है। यह कदम रूस के अंतरराष्ट्रीय रिजर्व के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने के मकसद से उठाया गया है। यह रूसी हमले के चलते रूस पर प्रतिबंध लगाए थे। इसके बाद 2014 में रूस ने ज्यादा सोना खरीदना शुरू किया। अमेरिकी



अधिकारियों के मुताबिक रूस के पास अब 100 अरब से लेकर 140 अरब डॉलर सोने का भंडार है। आपको बता दें यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद जब रूस को बैंकिंग सिस्टम से बाहर कर दिया गया, तब रूस ने 28 फरवरी को ऐलान किया कि वह सोने की खरीद फिर शुरू करेगा।

**प्रतिबंधों से बचने के लिए रूस कर सकता है सोने का उपयोग**

अमेरिका की ओर से कहा गया है कि रूस प्रतिबंधों के प्रभाव को कम करने के लिए अपनी करेंसी को सपोर्ट करने के लिए सोने का उपयोग कर सकता है।आपको बता दें कि सोने में लेनदेन को ब्लॉक करने की घोषणा त्त-7 और यूरोपिय यूनियन के देशों ने की है। इससे सोने के भंडार पर प्रतिबंध लगेगा। अमेरिका राजस्व विभाग के नए दिशानिर्देशों के मुताबिक, अमेरिका के गोल्ड डीलर्स डिस्ट्रीब्यूटर्स, बायर्स और वित्तीय संस्थानों समेत अमेरिकी नागरिक रूस के साथ सोने की खरीद या बिक्री नहीं कर सकेंगे। इन प्रतिबंधों से रूस के साथ सोने की लेनदेन करने वाले विभिन्न पक्षों पर भी असर होगा। रूस की करेंसी कमजोर होती जा रही है और इन प्रतिबंधों के चलते रूस की करेंसी को मजबूत करने की क्षमता पर भी प्रभाव पड़ेगा। इसके साथ ही जो पक्ष रूसी सोने का लेनदेन करते हैं, उन पर भी असर होगा। सोने के लेनदेन पर प्रतिबंध लगने से उन वित्तीय लेनदेन ऊपर भी रोक लग जाएगी, जो कई देश अभी भी रूस के साथ व्यापार जारी रखने के लिए कर रहे हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

## यूक्रेन का दावा : पुतिन ने लगाई फटकार तो रूसी रक्षा मंत्री को पड़ गया दिल का दौरा, जंग में नाकामी पर नाराज थे रूसी राष्ट्रपति

**मास्को:** यूक्रेन के मंत्री एंटोन गेराशचेंको ने दावा किया है कि रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ तीखी नोकझोंक के बाद दिल का दौरा पड़ा था। मंत्री ने कहा कि पुतिन ने यूक्रेन में अपने विशेष सैन्य अभियान की 'विफलता' के लिए उन्हें दोषी ठहराया था जिस वजह से दोनों नेताओं के बीच मतभेद बढ़ गया। यूक्रेन के मंत्री ने आगे कहा कि यही कारण है कि रक्षा मंत्री, जिसे युद्ध का दूसरा मास्टरमाइंड माना जाता था, 11 मार्च के बाद से जनता के बीच नहीं देखा गया है। हालांकि 24 मार्च को, रूसी रक्षा मंत्री को एक बार फिर से टेलीविजन पर देखा गया था। हालांकि यह पता नहीं चल पाया है कि फुटेज नया था या पुराना। कुछ समय के लिए जनता के बीच से अचानक गायब होने के कारण ये अटकलें भी तेज हो गई थी कि यूक्रेनी शहरों पर अभी तक कब्जा नहीं करने के लिए उन्हें दंडित किया गया है। इसके अलावा गार्जियन की एक रिपोर्ट में दावा किया गया क्रेमलिन की प्रेस वार्ता के दौरान रक्षा मंत्री के ठिकानों के बारे में पूछा गया था जिसपर अधिकारियों ने गोलमोल जवाब दिए थे।

**वीडियो कॉल में केवल तस्वीर दिखी**

अंग्रेजी समाचार चैनल सीएनएन ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि शोइगू यूक्रेन में सैन्य अभियान को लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद को किसी और स्थान से जानकारी दे रहे थे और केवल उनकी आवाज आ रही थी। इस प्रसारित किए गए वीडियो में शेइगू को प्रत्यक्ष रूप से



नहीं दिखाया गया। पुतिन को युद्ध से जुड़ी जानकारी देने वाले अन्य लोगों की तरह इस वीडियो कॉल में केवल उनकी तस्वीर दिखाई दे रही थी। रिपोर्ट के अनुसार क्रेमलिन के प्रवक्ता ने कहा कि रक्षा मंत्री विशेष सैन्य अभियान के बीच व्यस्त हैं और यह मीडिया गतिविधियों के लिए बिल्कुल सही समय नहीं है। हालांकि इसके तुरंत बाद, रक्षा मंत्री को टेलीविजन पर पुतिन के साथ सुरक्षा परिषद के टेलीकांफ्रेंस की एक क्लिप में देखा गया, जिसमें कहा गया था कि मंत्री ने विशेष सैन्य अभियान में प्रगति की सूचना दी थी।

**यूक्रेन पर रूसी हमले का एक महीना पूरा**

यूक्रेन पर रूसी हमले का एक महीना पूरा हो गया है। जंग का आज 31वां दिन है। इसी के साथ रूस की ओर से दावा किया गया है कि, उसने यूक्रेन पर हमले के पहले चरण को पूरा कर लिया है। एक रूसी जनरल की ओर से दावा किया गया है कि, सैन्य अभियान के पहले चरण के लक्ष्यों को रूस ने सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इसके बाद अब रूस दूसरे चरण की ओर आगे बढ़ेगा। रूस के जनरल स्टाफ के पहले डिप्टी चीफ कर्नल सर्गेई रुडस्कॉय ने शुक्रवार को मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा कि, सामान्य तौर पर हम सैन्य अभियान के पहले चरण को पूरा कर चुके हैं। इस दौरान यूक्रेन के सशस्त्र बलों की क्षमताओं में भारी कमी आई है। इस कारण अब हम अपने मुख्य लक्ष्य( डोनबास पर पूर्ण नियंत्रण) को पूरा करने में ध्यान केंद्रित करेंगे। दरअसल, इससे पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर से कहा गया था कि, यूक्रेन में युद्ध योजना के अनुसार चल रहा है।

# पोलैंड के राष्ट्रपति के विमान को करनी पड़ी इमरजेंसी लैंडिंग

**वारसॉ।** पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा के विमान को वारसॉ में ही आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी है। वे अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से मिलने के लिए इसी विमान से जा रहे थे। इसके बाद यूक्रेन की सीमा के पास पोलैंड के शहर रेजजो में पोलिश और अमेरिकी राष्ट्रपति की मुलाकात हुई है।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा से शुक्रवार को भेंट कर उन्हें भरोसा दिलाया था कि अमेरिका मौजूदा रूस-यूक्रेन युद्ध में नाटो देशों के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ा है। पोलैंड के राष्ट्रपति डूडा की ओर संकेत करते हुए उन्होंने कहा कि भले ही युद्ध यूक्रेन में लड़ा जा रहा है और वहां की लाखों निरीह और असहाय जनता एक भयावह पीड़ा के दौर से गुजर रही है, लेकिन यूक्रेन सीमा से लगे देशों में शरणार्थियों का स्वागत करना अभूतपूर्व है। उन्होंने स्वीकार किया कि शरणार्थियों की बड़ी संख्या में आने से पोलैंड, रूमानिया और एस्टोनिया सहित निकटवर्ती देशों पर दबाव बढ़ता जा रहा है।